www.bharatsamvad.live
R.N.I.No- MAHHIN/2017/74173

सत्य का स्वर
# भारत संवाद
मुंबई, प्रयागराज और लखनऊ से प्रकाशित

सोशल मीडिया पर भारत संवाद
https://x.com/BharatSamvad
www.facebook.com/bharatsamvad.in
www.youtube.com/@BharatSamvad-m3n
E-Paper
bharatsamvad.live

मौसम
अधिकतम तापमान 30.c
27.c न्यूनतम तापमान

बाजार
सोना 98.755g
चांदी 107,000kg

2 राष्ट्रशक्ति में रूपांतरित हो जनशक्ति, भारत को शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार पर देना होगा अधिक ध्यान
श्रावण में मीट की दुकानें खुलने पर आक्रोश 04

वर्ष :09 | अंक :27 | मुंबई , शुक्रवार , 18 जुलाई 2025 | पृष्ठ : 06 | मूल्य : 2:00 रुपए

संक्षिप्त समाचार

## असम में छह करोड़ रुपये मूल्य का मादक पदार्थ जब्त, दो लोग गिरफ्तार

असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने बताया कि बुधवार को कछार जिले में छह करोड़ रुपये मूल्य की याबा गोलियां बरामद कर पुलिस ने इस संबंध में दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट किया, मादक पदार्थ के खिलाफ अथक प्रयास। विश्वसनीय सूचना के आधार पर कछार पुलिस ने सिलचर में मादक पदार्थ रोधी अभियान के तहत पड़ोसी राज्य से आ रहे एक वाहन को रोका, जिसमें याबा की 20 हजार गोलियां बरामद हुई और इस संबंध में दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया। ये मादक पदार्थ छह करोड़ रुपये मूल्य के थे। उन्होंने कहा कि आवश्यक कानूनी प्रक्रियाएं शुरू कर दी गई हैं। याबा का थाई में अर्थ होता है मदहोश करने वाली दवा। यह देश में प्रतिबंधित है क्योंकि इसमें मेथामेफ्टामाइन (नियंत्रित पदार्थ अधिनियम के तहत अनुसूची-2 का पदार्थ) और कैफीन होता है।

## बाघ के हमले में महिला की मृत्यु, दो व्यक्ति घायल

पीलीभीत के न्यूरिया थाना क्षेत्र में बृहस्पतिवार सुबह दो अलग-अलग गांवों में तीन घंटे के भीतर दो बाघों ने ग्रामीणों पर हमला कर दिया जिसमें एक महिला की मृत्यु हो गई, जबकि दो लोग घायल हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उनके मुताबिक, न्यूरिया थाना क्षेत्र के गांव बिथरा मडरिया में बाघ ने 50 वर्षीय महिला तृष्णा को मार डाला। उसका क्षत विक्षत शव गन्ने के खेत से बरामद हुआ। अधिकारियों ने बताया कि इस घटना के कुछ मिनट पहले इसी गांव में 20 वर्षीय निलेश पर भी बाघ ने हमला किया था, लेकिन उसके दोस्त हरिवंश ने बाघ से भिड़कर उसकी जान बचा ली। मंडरिया गांव से पूर्व सहजनिया और अनवरगंज गांवों में एक अन्य बाघ को देखा गया। सुबह करीब छह बजे बाघ ने सहजनिया गांव निवासी मीना (50) पर उस समय हमला कर दिया जब वह खेत जा रही थी। अधिकारियों ने बताया कि गन्ने के खेत से निकले बाघ ने महिला को दबोच लिया और करीब 20 मीटर तक खींचकर ले गया, लेकिन ग्रामीणों के शोर मचाने पर बाघ महिला को छोड़कर भाग गया। हमले से मीना गंभीर रूप से घायल हो गईं। उन्हें और नितेश का उपचार सरकारी अस्पताल में किया जा रहा है। पीलीभीत के जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अभिषेक यादव ने भारी पुलिस बल के साथ प्रभावित क्षेत्र का निरीक्षण किया। उन्होंने आबादी वाले क्षेत्र में बाघ और मानव के बीच संघर्ष की घटना को दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए वन विभाग के अधिकारियों को प्रभावित क्षेत्र में आदमखोर बाघ की गहन निगरानी करने का निर्देश दिया।

# राजस्थान पेपरलीक से त्रस्त था एसआईटी बनाकर माफिया को कड़ा संदेश दिया :अमित शाह

**पाकिस्तान में घुसकर आतंकी ठिकानों को उड़ाया, सहकारिता मंत्री अमित शाह ने सहकार एवं रोजगार उत्सव का आगाज किया**

'सहकार एवं रोजगार उत्सव'

शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने सबसे बड़ा काम देश को सुरक्षित करने काम किया है. कांग्रेस राज में देश में आए दिन आतंकवादी हमले होते थे. अब आतंकवाद को कड़ा संदेश दिया जा रहा है. पहले उरी में हमला हुआ, मोदी ने सर्जिकल स्ट्राइक की. पुलवामा में हमला हुआ तो एयर स्ट्राइक की. पहलगाम में हमला किया तो ऑपरेशन सिंदूर चलाया और पाकिस्तान के घर में घुसकर आतंकवादियों के परखच्चे उड़ा दिए. इससे ये मजबूत संदेश दिया कि भारत के नागरिक, भारत की सेना के साथ छेड़खानी नहीं करें, नहीं तो उसका बड़ा परिणाम भुगतना पड़ेगा.

एजेंसी

जयपुरः केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को जयपुर जिले के दादिया गांव में 'सहकार एवं रोजगार उत्सव' का आगाज किया. इस दौरान अमित शाह ने कहा कि सहकारिता के इतिहास में राजस्थान पहले भी अव्वल रहा है और आगे भी बड़ा योगदान रहेगा. शाह ने पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार को निशाने पर लेते हुए कहा कि जनता पेपर लीक से त्रस्त थी. अब भजनलाल सरकार ने एसआईटी बनाकर कड़ा संदेश दिया है. शाह ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 11 साल के कार्यकाल में हुए विकास कार्यों का भी जिक्र किया. उन्होंने कहा कि देश को अर्थव्यवस्था में आगे बढ़ने के लिए पीएम मोदी ने अलग से सहकारिता मंत्रालय का गठन किया. केंद्रीय गृह मंत्री शाह ने कहा कि भजनलाल सरकार ने कम समय में ढेरों काम कर दिए. ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट में 35 लाख करोड़ के एमओयू हुए. इनमें से 3 लाख करोड़ के एमओयू पर काम भी शुरू हो गया. पेट्रोल डीजल के वेट में कटौती की. साढ़े चार सौ रुपए में गैस सिलेंडर दिया और उसके साथ-साथ राम जल सेतु लिंक परियोजना की डीपीआर मंजूर करके पानी लाने का काम किया. शाह ने कहा कि जल जीवन मिशन के तहत गांवों में पानी पहुंचाने का काम भजन लाल सरकार ने किया है. उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी सरकार ने 11 साल में करोड़ों गरीबों के लिए घर, शौचालय बनाने का काम किया. पांच लाख तक की चिकित्सा व दवाएं फ्री देने का काम किया. केंद्र सरकार की योजनाओं का क्रियान्वयन राजस्थान में बहुत अच्छे से हो रहा है. शाह ने भजनलाल शर्मा को बधाई देते हुए कहा कि उन्होंने सहकारिता के सारे इनीशिएटिव में राजस्थान को देश में 1 से 5 नंबर बनाने का काम किया है




**28 हजार पदों पर भर्ती का विज्ञापन जारी होगा :सीएम भजनलाल शर्मा**

सीएम भजनलाल शर्मा ने कहा- राजस्थान की डबल इंजन की सरकार गरीब-युवाओं के लिए काम कर रही है। 5 साल का लक्ष्य तय किया है। 5 हजार से अधिक सरकारी नौकरी दी जा चुकी है। सीएम ने कहा- प्रदेश सरकार सहकारिता को मजबूत करने की दिशा में काम कर रही है। हमने प्रदेश के युवाओं को 4 लाख सरकारी नौकरी देने का वादा किया था। अभी तक हम 75 हजार युवाओं को नियुक्ति पत्र दे चुके हैं। आज हम 28 हजार पदों पर भर्ती निकाल रहे हैं। इन्हें मिलाकर 2 लाख पदों पर भर्ती प्रक्रियाधीन हो गई है।

**पीएम नरेंद्र मोदी ने समय-समय पर पाकिस्तान को जवाब दिया**

अमित शाह ने कहा- कांग्रेस के कार्यकाल में आए दिन आतंकी हमले होते थे। पीएम नरेंद्र मोदी ने समय-समय पर पाकिस्तान को जवाब दिया। ऑपरेशन सिंदूर उसका एक ताजा उदाहरण है।

# चुनाव आयोग अब भी चुनाव आयोग है या पूरी तरह बीजेपी की 'इलेक्शन चोरी शाखा बन चुका है': राहुल गांधी

**चुनाव आयोग कार्यालय में कथित धांधली संबंधी वीडियो शेयर करते हुए चुनाव आयोग, बीजेपी पर हमला बोला**

न्यायमूर्ति सुधांशु धूलिया और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने अपने आदेश में कहा, 'हमारा प्रथम दृष्टया मत है कि न्याय के हित में चुनाव आयोग आधार, राशन कार्ड, मतदाता पहचान पत्र आदि जैसे दस्तावेजों को भी मतदाता सूची में शामिल करेगा.' यह निर्णय भारत निर्वाचन आयोग को करना है कि वह दस्तावेजों को स्वीकार करना चाहता है या नहीं.

एजेंसी

नई दिल्लीः कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने गुरुवार को बिहार चुनाव को लेकर वोटर फ्रॉड और चुनाव आयोग पर भाजपा के पक्ष में काम करने का आरोप लगाया. उन्होंने एक पत्रकार द्वारा पोस्ट किया गया एक वीडियो साझा किया जिसमें दावा किया गया है कि बिहार में सरकारी अधिकारी मतदाताओं की जानकारी के बिना मतदाता फॉर्म भर रहे थे और उन पर हस्ताक्षर कर रहे थे.

राहुल गांधी ने आगे सवाल किया कि क्या चुनाव आयोग अभी भी एक तटस्थ निकाय के रूप में काम करता है या पूरी तरह से भाजपा की 'चुनाव चोरी' शाखा में बदल गया है. एक्स पर एक पोस्ट में राहुल गांधी ने एक वीडियो शेयर करते हुए लिखा, 'बिहार में चुनाव आयोग 'रकफ' के नाम पर रंगे हाथ वोट चोरी करता पकड़ा गया. काम सिर्फ चोरी है, पदार्फाश करने वालों पर होगी ऋकफ होगी! चुनाव आयोग अब भी 'एउ' है या पूरी तरह बीजेपी की 'इलेक्शन चोरी' शाखा बन गया है? हाल ही में 10 जुलाई को सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग को मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को जारी रखने की अनुमति दे दी है. साथ ही उन्हें मतदाता पहचान साबित करने के लिए आधार, राशन कार्ड और मतदाता फोटो पहचान पत्र को स्वीकार्य दस्तावेजों के रूप में अनुमति देने पर विचार करने की सलाह दी है. इस बीच याचिकाकर्ता अंतरिम रोक के लिए दबाव नहीं डाल रहे हैं. चुनाव आयोग के अनुसार शनिवार शाम तक बिहार में 80.11 प्रतिशत वोटरों ने अपने फॉर्म जमा कर दिए. जो दशार्ता है कि चुनाव आयोग 25 जुलाई की तय समय सीमा से पहले गणना फॉर्म (ईएफ) के संग्रह को पूरा करने लेकर गंभीर है. बिहार चुनाव इस वर्ष के अंत में अक्टूबर या नवंबर में होने की उम्मीद है.243 सदस्यों वाली वर्तमान बिहार विधानसभा में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) के 131 सदस्य हैं. इसमें भाजपा के 80 विधायक, जेडी(यू) के 45, हम (एस) के 4 और दो स्वतंत्र उम्मीदवारों का समर्थन है.



# नासिक में बड़ा सड़क हादसा, बाइक और कार की टक्कर में 7 लोगों की मौत

**दिंडोरी शहर के पास एक कार और मोटरसाइकिल की टक्कर के बाद दोनों वाहन नहर में गिर गए**

**एसपी ने क्या बताया**

नासिक के पुलिस अधीक्षक (एसपी) के मुताबिक, ये हादसा देर रात 12 बजे के करीब वाणी-डिंडोरी रोड पर हुआ। जब पुलिस मौके पर पहुंची तो दोनों वाहन सड़क के किनारे एक छोटी सी नहर में गिरे हुए मिले। पुलिस ने नहर से शवों को बाहर निकाला और कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। साथ ही हादसे में घायल हुए दोनों लोगों को गंभीर हालत में नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया है। फिलहाल घटना की जांच जारी है और पुलिस हादसे के कारणों का पता लगाने में जुटी है।

एजेंसी

महाराष्ट्र के नासिक में एक दर्दनाक हादसा हुआ है. इस हादसे में सात लोगों के मारे जाने की खबर है. बताया जा रहा है कि ये हादसा कार और बाइक के बीच हुई सीधी टक्कर के कारण हुआ है. मरने वालों में तीन महिलाएं भी शामिल हैं. इस हादसे में दो लोग गंभीर रूप से घायल बताए जा रहे हैं. जिनका इलाज पास के अस्पताल में इलाज चल रहा है. पुलिस फिलहाल पूरे मामले की जांच कर रही है. पुलिस की शुरूआती जांच में पता चला है कि बाइक से टक्कर के बाद कार अनियंत्रित होकर पास के एक नाले में गिर गई. कार में बैठे लोग समय रहते खुदको बाहर नहीं निकाल सके और उनकी मौत हो गई. पुलिस ने सभी शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है. पुलिस के अनुसार कार में बैठे लोग एक रिश्तेदार के बेटे के जन्मदिन कार्यक्रम में शामिल होने के बाद नासिक लौट रहे थे. पुलिस के अनुसार इस घटना में घायल हुए लोगों का इलाज नासिक के जिला अस्पताल में कराय जा रहा है. पुलिस इस बात की भी जांच कर रही है कि घटना के समय क्या कार और बाइक की स्पीड काफी तेज थी.



# स्वच्छता सर्वेक्षण में जमशेदपुर और बुंडू ने झारखंड का नाम किया रौशन, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने किया सम्मानित

**दूसरे शहरों का अन्य श्रेणी में बेहतर प्रदर्शन**

खास बात है कि स्वच्छ सर्वेक्षण 2024-25 के कुछ अन्य श्रेणी में भी झारखंड के शहरों का प्रदर्शन बेहतर रहा है. स्वच्छता के क्षेत्र में जमशेदपुर को पांच सितारा शहरों की सूची में शामिल किया गया है. इसके अलावा देवघर, जुगसलाई और चाकुलिया को वन स्टार रैंकिंग मिला है. वाटर प्लस शहरों की सूची में जमशेदपुर को जगह मिली है. बुंडू, चिरकुंडा, राजमहल, साहिबगंज और देवघर को प्लस प्लस श्रेणी में रखा गया है.

एजेंसी

रांचीः स्वच्छता सर्वेक्षण 2024-25 के परिणाम की घोषणा हो गई है. नई दिल्ली स्थित विज्ञान भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की मौजूदगी में परिणाम की घोषणा की गई है. साथ ही बेहतर प्रदर्शन करने वाले शहरों को सम्मानित किया गया है. इसमें झारखंड के जमशेदपुर और बुंडू का नाम शामिल है. इस मौके पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, केन्द्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर, केंद्रीय मंत्री तोखन साहू, विभाग के सचिव श्रीनिवास कटिकिथला ने झारखंड सरकार, राज्य के नगर विकास विभाग और प्रदेश के नागरिकों खासकर जमशेदपुर और बुंडू के नागरिकों को इस सम्मान के लिए बधाई दी. 3-10 लाख तक की आबादी वाले स्वच्छ शहरों में जमशेदपुर को तृतीय स्थान मिलने पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने जमशेदपुर को सम्मानित किया. वहीं बुंडू को झारखंड के प्रॉमिसिंग स्वच्छ शहर के रूप में केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने सम्मानित किया. इस मौके पर राज्य सरकार की ओर से नगर विकास एवं आवास विभाग के प्रधान सचिव सुनील कुमार, विशेष पदाधिकारी कृष्ण कुमार और बुंडू नगर पंचायत के पदाधिकारियों नें सम्मान हासिल किया.

**शहरी स्वच्छता के लिए किए गये कई पहल का नतीजा**

बता दें कि स्वच्छ सर्वेक्षण 2016 में झारखंड की स्थिति बहुत अच्छी नहीं थी. लेकिन लगातार स्वच्छ सर्वेक्षण 2017, 2018, 2019, 2020, 2021, 2022, 2023 में राज्य की जनता के सहयोग और शहरी निकायों के साथ-साथ राज्य सरकार के मार्गदर्शन में राज्य नें स्वच्छता के क्षेत्र में कई सम्मान प्राप्त किए. इसके लिए समाज के हर वर्ग की सहभागिता सुनिश्चित करनें के लिए कार्यक्रम चलाए गए.




# बेंगलुरु भगदड़- कर्नाटक सरकार ने आरसीबीको जिम्मेदार बताया

**परेड की इजाजत नहीं ली, कोहली का वीडियो डालकर लोगों को बुलाया; फ्री पास से भीड़ बेकाबू हुई**

हालांकि सरकार ने यह भी कहा कि आयोजन को अचानक रद्द करने से हिंसा भड़क सकती थी और शहर में कानून-व्यवस्था बिगड़ जाती।

एजेंसी

बेंगलुरु , बेंगलुरू में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की विक्ट्री डे परेड पर हुई भगदड़ को लेकर कर्नाटक सरकार की रिपोर्ट गुरुवार को सामने आई। रिपोर्ट में हादसे का जिम्मेदार फउइ को बताया गया है। इसमें कोहली का भी जिक्र है।



# बिहार में 125 यूनिट बिजली फ्री मिलेगी

**चुनाव से पहले मुख्यमंत्री नीतीश का ऐलान; 1 अगस्त 2025 से मिलेगा फायदा**

'इससे राज्य के कुल 1 करोड़ 67 लाख परिवारों को लाभ होगा। हमने यह भी तय किया है कि अगले तीन वर्षों में इन सभी घरेलू उपभोक्ताओं से सहमति लेकर उनके घर की छतों पर अथवा नजदीकी सार्वजनिक स्थल पर सौर ऊर्जा संयंत्र लगाकर लाभ दिया जाएगा।' 'कुटीर ज्योति योजना के तहत जो अत्यंत निर्धन परिवार होंगे उनके लिए सौर ऊर्जा संयंत्र लगाने के लिए पूरा खर्च राज्य सरकार करेगी, बाकी के लिए भी सरकार उचित सहयोग करेगी।'

एजेंसी

पटना, बिहार के लोगों को 125 यूनिट बिजली मुफ्त में मिलेगी। साथ ही अगले तीन वर्षों में घरेलू उपभोक्ताओं को सौर ऊर्जा का भी लाभ मिलेगा। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने गुरुवार को पर इसका ऐलान किया। 1 करोड़ 67 लाख परिवारों को लाभ होगा सीएम ने पर बताया- 'हम लोग शुरू से ही सस्ती दरों पर सभी को बिजली उपलब्ध करा रहे हैं। अब हमने तय कर दिया है कि 1 अगस्त, 2025 से,यानी जुलाई माह के बिल से ही राज्य के सभी घरेलू उपभोक्ताओं को 125 यूनिट तक बिजली का कोई पैसा नहीं देना पड़ेगा।' 'इससे घरेलू उपभोक्ताओं को अब बिजली का 125 यूनिट तक कोई खर्च नहीं लगेगा, साथ ही साथ राज्य में अगले तीन वर्षों में एक अनुमान के अनुसार 10 हजार मेगावाट तक सौर ऊर्जा उपलब्ध हो जाएगी।



# भोज में ब्राह्मणों को बुलाने पर यादव परिवार का बहिष्कार

**भिंड में यादव समाज बोला- यूपी में ब्राह्मणों ने हमारे कथावाचक की चोटी काटी थी**

पंचायत में तय हुआ- समाज के युवा से ही कराएंगे कर्मकांड

जिले के मौ कस्बे में रहने वाले कमल यादव की मां रामदेवी का 4 जुलाई को निधन हो गया था। परिवार ने 16 जुलाई को शांति भोज रखा गया, जिसमें 13 ब्राह्मणों को भोज कराने की व्यवस्था की गई। इससे पहले 13 जुलाई को पंचायत हुई। तय हुआ कि अब समाज के युवाओं से ही कर्मकांड कराएंगे।

एजेंसी

भिंड, उत्तर प्रदेश के इटावा में कथावाचक की चोटी काटने और मारपीट को लेकर मध्यप्रदेश में यादव और ब्राह्मण समाज आमने-सामने हैं। भिंड जिले में जब एक यादव परिवार ने त्रयोदशी भोज में ब्राह्मणों को आमंत्रित किया तो यादव समाज की पंचायत ने भोज का बहिष्कार कर दिया। दरअसल, इटावा में 21 जून को भागवत कथा में लोगों को पता चला कि कथावाचक ब्राह्मण नहीं, यादव हैं। इसके बाद हंगामा हो गया।



वार — किरेन रिजिजू का कांग्रेस नेता पर वार

# विदेश नीति पर पाकिस्तान जैसी भाषा बोलते हैं राहुल गांधी...

एजेंसी

नयी दिल्ली। केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने संसद के मानसून सत्र से पहले लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी पर कटाक्ष किया और उन्हें राष्ट्र-विरोधी या देश के खिलाफ कुछ भी न बोलने की सलाह दी। रिजिजू ने विदेश नीति को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर हमला करने के पीछे गांधी की मंशा पर सवाल उठाया और कहा कि देश के लिए अच्छा काम करने में विपक्ष की भी भूमिका होती है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी द्वारा देश की विदेश नीति पर प्रधानमंत्री की आलोचना करने से देश का भला नहीं होगा। देश के विकास में विपक्ष की भी भूमिका है। संसद में चर्चा होगी, लेकिन विदेश नीति पर दो राय नहीं होनी चाहिए। लोकसभा में विपक्ष के नेता पर पाकिस्तान की भाषा का इस्तेमाल करने का आरोप लगाते हुए केंद्रीय मंत्री ने कहा कि जिस तरह से गांधी विदेश नीति पर लोगों को गुमराह करने की कोशिश करते हैं, उससे देश को नुकसान होता है। उन्होंने आगे कहा कि कांग्रेस सरकार के दौरान, हमने विदेश नीति को लेकर प्रधानमंत्री पर अलग से हमला नहीं किया। जिस तरह से राहुल गांधी पाकिस्तान की भाषा बोलकर विदेश नीति पर लोगों को गुमराह करने की कोशिश करते हैं, उससे देश को नुकसान होता है। हम उन्हें सलाह देंगे कि विपक्ष के नेता होने के नाते उन्हें देश-विरोधी कुछ भी नहीं कहना चाहिए। रिजिजू की यह टिप्पणी राहुल गांधी द्वारा विदेश मंत्री एस जयशंकर पर चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ उनकी मुलाकात को लेकर हमला करने के एक दिन बाद आई है। उन्होंने दावा किया था कि वह भारत की विदेश नीति को बर्बाद करने के उद्देश्य से एक पूरी तरह से फैला हुआ सर्कस चला रहे हैं। अन्य कांग्रेस नेताओं ने भी जयशंकर पर निशाना साधा और बताया कि कैसे चीन ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान को भरपूर समर्थन दिया। गांधी ने एक्स पर लिखा, मुझे लगता है कि चीनी विदेश मंत्री आएंगे और (प्रधानमंत्री) मोदी को चीन-भारत संबंधों में हालिया घटनाक्रमों से अवगत कराएँगे। विदेश मंत्री अब भारत की विदेश नीति को बर्बाद करने के उद्देश्य से एक बड़ा सर्कस चला रहे हैं।

वहीं, कांग्रेस सांसद केसी वेणुगोपाल ने कहा कि इस संसद सत्र में विदेशी मामलों पर चर्चा हो।

पिछली बार भी हमने सरकार से कहा था। अगर वे राहुल गांधी को बेनकाब करना चाहते हैं, तो संसद में ही करें। चर्चा हो।



लोकसभा में विपक्ष के नेता पर पाकिस्तान की भाषा का इस्तेमाल करने का आरोप लगाते हुए केंद्रीय मंत्री ने कहा कि जिस तरह से गांधी विदेश नीति पर लोगों को गुमराह करने की कोशिश करते हैं, उससे देश को नुकसान होता है।

# पूर्ववर्ती सरकारों के भ्रष्टाचार के अड्डों को खत्म करेंगे: रेखा गुप्ता



एजेंसी

नयी दिल्ली। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने राष्ट्रीय राजधानी में पूर्ववर्ती सरकारों के समय रहे भ्रष्टाचार के सभी अड्डों को खत्म करने का बृहस्पतिवार को संकल्प लिया। उनका यह बयान उपराज्यपाल वी.के. सक्सेना द्वारा पूर्ववर्ती आम आदमी पार्टी (आप) सरकार की जय भीम मुख्यमंत्री प्रतिभा विकास योजना में कथित भ्रष्टाचार की जांच के आदेश देने के एक दिन बाद आया है। वर्ष 2018 में शुरू की गई इस योजना का उद्देश्य संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी), कर्मचारी चयन आयोग (एसएससी), राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) सहित विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए निजी कोचिंग संस्थानों में अनुसूचित जाति (एससी), अनुसूचित जनजाति (एसटी) और अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के छात्रों को मुफ्त कोचिंग प्रदान करना था।

हालांकि, इस साल फरवरी में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत नयी सरकार बनने के बाद इस योजना को बंद कर दिया गया था।

राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) सहित विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए निजी कोचिंग संस्थानों में अनुसूचित जाति (एससी), अनुसूचित जनजाति (एसटी) और अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के छात्रों को मुफ्त कोचिंग प्रदान करना था।

## सम्पादकीय

# अमेरिका की बेकार की धमकी, भारत को बदलनी होगी अपनी रणनीति

ट्रंप स्वयं को लोकतंत्र के चैंपियन और विश्व व्यवस्था के निर्धारक के रूप में पेश कर रहे हैं लेकिन सच यह है कि वे तानाशाह सरीखा व्यवहार कर रहे हैं। इससे भी खराब बात यह है कि वे अपने स्वार्थों के फेर में कई तानाशाहों को बड़ी ही बेशर्मी से गले लगा रहे हैं। एक ऐसे ही अघोषित तानाशाह पाकिस्तान के सेना प्रमुख हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति ने रूस से तेल लेने के कारण भारत, चीन, ब्राजील पर बहुत कड़े प्रतिबंध लगाने के जो संकेत दिए और यह भी धमकी दी कि रूस से ऊर्जा आपूर्ति जारी रखने वाले देशों पर 500 प्रतिशत अतिरिक्त शुल्क लगाएंगे, उसका कोई मूल्य-महत्व नहीं। यह बेकार की धमकी है। भारतीय नेतृत्व और भारत की जनता को इस धमकी को गंभीरता से नहीं लेना चाहिए। इसलिए नहीं लेना चाहिए, क्योंकि ट्रंप की इस तरह की कई धमकियां खोखली साबित हुई हैं और उन्हें अपनी ही बातों से पलटना भी पड़ा है। इससे उनकी और अमेरिका की जगहंसाई ही हुई है। यह एक तथ्य है कि दूसरी बार अमेरिका का राष्ट्रपति बनने के बाद से ट्रंप ने अपने बयानों और नीतियों से अपनी फजीहत कराने का ही काम किया है। उन्होंने अपने मित्र देशों का भी भरोसा खोया है। अमेरिका को फिर से महान बनाने के नाम पर वे विचित्र से काम कर रहे हैं। उनके रवैये से अमेरिका में उनके अनेक समर्थक भी असंतुष्ट हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति कुछ दिनों पहले तक यूक्रेन के राष्ट्रपति पर लाल-पीले हो रहे थे और रूसी राष्ट्रपति पुतिन के प्रति नरमी दिखा रहे थे, लेकिन जब यूक्रेन से खनिजों के दोहन पर समझौता हो गया और उधर पुतिन ने उनकी बातों और धमकियों को कोई भाव नहीं दिया तो उन्होंने अपना रवैया बदल लिया। यदि ट्रंप को लगता है कि उनके विचित्र व्यवहार को कोई समझ नहीं पा रहा होगा तो इसका मतलब है कि वे मुगालते में हैं। अच्छा हो कि वे मुगालते से बाहर आएं और अमेरिका के अंतरराष्ट्रीय कद एवं प्रभाव की चिंता करें। वैसे भी अब अंतरराष्ट्रीय कूटनीति में अमेरिका का पहले जैसा प्रभाव नहीं रह गया है। ऐसे देशों की संख्या बढ़ रही है जो अमेरिका को आंख दिखाने से संकोच नहीं करते। यदि ट्रंप ने अपना रवैया नहीं बदला तो अमेरिका का अंतरराष्ट्रीय प्रभाव और अधिक कम होगा। यह सही है कि अमेरिका अब भी सबसे बड़ी आर्थिक एवं सैन्य शक्ति है, लेकिन उसे चुनौती भी मिल रही है। यदि ट्रंप ने इस यथार्थ को नहीं समझा तो फौरी तौर पर अमेरिकी अर्थव्यवस्था को भले ही थोड़ा बहुत लाभ मिल जाए, लेकिन आगे चलकर उसका आर्थिक संकट बढ़ेगा ही। ट्रंप स्वयं को लोकतंत्र के चैंपियन और विश्व व्यवस्था के निर्धारक के रूप में पेश कर रहे हैं, लेकिन सच यह है कि वे तानाशाह सरीखा व्यवहार कर रहे हैं। इससे भी खराब बात यह है कि वे अपने स्वार्थों के फेर में कई तानाशाहों को बड़ी ही बेशर्मी से गले लगा रहे हैं।

## आज का विचार

पंछी कभी अपने बच्चों के भविष्य के लिये घोंसले बनाकर नहीं देते, वे तो बस उन्हें "उड़ने" की कला सिखाते हैं.

भारत संवाद



## राशिफल

**मेष राशि :** करियरः कार्यस्थल पर अतिरिक्त मेहनत की जरूरत होगी, मानसिक तनाव रह सकता है. बिजनेसः व्यापार में मुनाफा अपेक्षा से कम रहेगा, मेहनत अधिक करनी पड़ेगी. धनः आर्थिक दृष्टि से दिन मिला-जुला रहेगा, लाभ के योग बन रहे हैं शिक्षाः विद्यार्थियों को अधिक परिश्रम करना पड़ेगा.

**वृषभ राशिः** करियरः कार्यस्थल पर दबाव और ओवरलोड की स्थिति रहेगी. बिजनेसः व्यापार में अच्छा मुनाफा हो सकता है.धनः परिवार में किसी की तबीयत बिगड़ सकती है. शिक्षाः छात्रों को कठिन परिश्रम की आवश्यकता है.

**मिथुन राशिः** करियरः करियर के लिए यह समय महत्वपूर्ण रहेगा. बिजनेसः निवेश सोच-समझकर करें, फिजूलखर्ची से बचें. धनः धन का सही उपयोग करें, लापरवाही न करें. शिक्षाः पढ़ाई में मन नहीं लगेगा, ध्यान भटकेगा. लव/ पारिवारिकः जीवनसाथी के साथ समय बिताने का अवसर मिलेगा.

**कर्क राशिः** करियरः काम का तनाव बना रहेगा, अनावश्यक टेंशन से बचें. बिजनेसः व्यापार में मंदी का सामना करना पड़ सकता है. धनः निवेश की संभावनाएं बनेंगी. शिक्षाः मनचाहा परिणाम नहीं मिलेगा, मेहनत बढ़ाएं. लव/पारिवारिकः परिवार को आर्थिक सहायता देनी पड़ सकती है.

**सिंह राशिः** करियरः निर्णय लेने से पहले परिवार से सलाह लें. बिजनेसः अच्छी डील मिलने के योग हैं धनः धन के साथ बचत पर भी ध्यान दें. शिक्षाः विद्यार्थियों के लिए दिन अनुकूल रहेगा.

**कन्या राशि :** करियरः किसी अनुभवी से सलाह मिल सकती है. बिजनेसः उतार-चढ़ाव का सामना करना पड़ सकता है. धनः धन आगमन के योग हैं, भूमि से लाभ संभव. शिक्षाः दोस्तों संग पढ़ाई का मन बना सकते हैं. लव/पारिवारिकः वैवाहिक जीवन में मतभेद संभव. उपायः शिवलिंग पर दूध अर्पित करें.

**तुला राशिः** करियरः किसी गलती से करियर प्रभावित हो सकता है. बिजनेसः साझेदारी सोच-समझकर करें. धनः धन लाभ के योग हैं. शिक्षाः पढ़ाई में एकाग्रता की कमी रहेगी. लव/पारिवारिकः घर में विवाह की चर्चा हो सकती है.

**वृश्चिक राशि :** करियरः करियर में सकारात्मक परिवर्तन संभव हैं. बिजनेसः लेन-देन में सावधानी बरतें. धनः फालतू खर्चों से बचें. शिक्षाः स्वास्थ्य पढ़ाई पर असर डाल सकता है. लव/पारिवारिकः परिवार में मतभेद हो सकता है.

**धनु राशिः** करियरः नया काम शुरू करने से पहले सोच-विचार करें. बिजनेसः घाटे की संभावना है. धनः वित्तीय मामलों में सतर्क रहें. शिक्षाः परीक्षा परिणाम अनुकूल रह सकते हैं. लव/पारिवारिकः पार्टनर से बहस संभव है. उपायः शिव चालीसा का पाठ करें.

**मकर राशिः** करियरः नए अवसर मिल सकते हैं, नेटवर्किंग बढ़ेगी. बिजनेसः मुनाफे की संभावना है. धनः निवेश से पहले सलाह लें. शिक्षाः अच्छे परिणाम मिलने के योग हैं. लव/पारिवारिकः घर में आयोजन की संभावना है.

**कुंभ राशि :** करियरः मनचाहा अवसर मिल सकता है बिजनेसः लाभ मिलेगा धनः धन प्राप्ति संभव है शिक्षाः पढ़ाई पर ध्यान केंद्रित करना जरूरी है लव/पारिवारिकः पति-पत्नी में प्रेम बढ़ेगा.

**मीन राशि :** करियरः कार्य में रुकावटें आ सकती हैं. बिजनेसः लाभ सामान्य रहेगा. धनः निर्णय आपके पक्ष में रहेगा. शिक्षाः छात्रों को कड़ी मेहनत की जरूरत है. लव/पारिवारिकः परिवार के साथ यात्रा की योजना बन सकती है. उपायः कुत्ते को रोटी खिलाएं.

**ज्योतिष सेवा केन्द्र**
**ज्योतिषाचार्य पंडित अतुल शास्त्री**

# राष्ट्रशक्ति में रूपांतरित हो जनशक्ति, भारत को शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार पर देना होगा अधिक ध्यान

> **नीति आयोग रिपोर्ट भी यह रेखांकित करती है कि युवा अब केवल नौकरी चाहने वाले नहीं बल्कि उद्यमी स्टार्टअप निमार्ता और नवप्रवर्तक के रूप में उभर रहे हैं। नीति आयोग का सुझाव है कि जनसंख्या नीति में युवाओं की सीधी भागीदारी होनी चाहिए जिससे वे स्वयं अपनी शिक्षा रोजगार और स्वास्थ्य योजनाओं के निर्णयों में सह-निर्माता बन सकें।**

पा भारत जैसे विकासशील देश के लिए जनसंख्या एक दोधारी तलवार जैसी है। एक ओर यह देश की ऊर्जा और श्रमशक्ति का स्रोत है, दूसरी ओर यह संसाधनों पर अत्यधिक दबाव भी डाल रही है। पहले की पीढ़ियां बड़ी जनसंख्या को सामाजिक सुरक्षा, मजदूरी और पारिवारिक मजबूती के रूप में देखती थीं, परंतु आज का युवा शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और पर्यावरणीय असंतुलन के संकटों जैसे प्रदूषण, जल संकट, जैव विविधता के ह्रास आदि को लेकर अधिक सजग है। इसलिए अब बहुत से लोग जनसंख्या को केवल संख्या नहीं, बल्कि सामाजिक, आर्थिक और पर्यावरणीय जिम्मेदारी के रूप में देखते हैं। ग्रामीण युवाओं में भी जनसंख्या और परिवार नियोजन के प्रति चेतना बढ़ी है। स्कूलों में अब यौन शिक्षा और परिवार नियोजन को सकारात्मक रूप में देखा जा रहा है। लड़कियों में आत्मनिर्भरता की भावना बताती है कि शिक्षा प्राप्त लड़कियां प्रजनन संबंधी निर्णय स्वयं लेना चाहती हैं। युवाओं का दृष्टिकोण अब ज्यादा वैज्ञानिक, व्यावहारिक और भविष्य-केंद्रित होता जा रहा है। डिजिटल युग और बेहतर शिक्षा व्यवस्था ने युवाओं को परिवार नियोजन, जनसंख्या नियंत्रण नीति और स्वास्थ्य सेवाओं के बारे में अधिक जागरूक बनाया है। फेसबुक, इंस्टाग्राम, एक्स, आदि प्लेटफार्म





मोबाइल एप, आनलाइन स्वास्थ्य सेवाएं, जनसंख्या से जुड़े अभियान के माध्यम से वे अधिक सजग और जागरूक हुए हैं। आज का युवा परिवार नियोजन पर खुलकर बात करता है और इस विषय पर संवाद को प्रोत्साहित भी करता है। स्मार्ट फैमिली-स्मार्टर फ्यूचर सोच वाला युवा बड़े परिवार के बजाय गुणवत्तापूर्ण जीवन, करियर, मानसिक स्वास्थ्य और आत्मनिर्भरता को अधिक महत्व देता है। युवाओं को समझ आ चुका है कि बढ़ती जनसंख्या न केवल संसाधनों को प्रभावित करती है, बल्कि बेरोजगारी, झुग्गी-झोपड़ियों के फैलाव, प्रदूषण और सामाजिक असमानता को भी बढ़ावा देती है। यदि जनसंख्या को कुशल मानव संसाधन में बदला जाए तो वह आर्थिक विकास का इंजन बन सकती है। नवीनतम राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण बताता है कि गर्भनिरोधक तरीकों के प्रयोग में वृद्धि हुई है। सर्वेक्षण के अनुसार 15 से 19 वर्ष की लड़कियों में गर्भधारण दर 7.9 से घटकर 6.8 प्रतिशत रह गई है, जो इसका स्पष्ट संकेत है कि जनसंख्या नियोजन अब एक निजी जिम्मेदारी का विषय बनता जा रहा है। यह सर्वेक्षण समाज में उभरती नई प्रवृत्ति की ओर इशारा करता है कि 20 से 24 वर्ष की 21.2 प्रतिशत लड़कियों द्वारा विवाह पूर्व भी गर्भनिरोधक का उपयोग किया गया। यह इसे स्पष्ट करता है कि महिलाओं की यौन शिक्षा एवं उनकी निर्णय क्षमता में वृद्धि हुई है। जागरूकता और स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच बढ़ने से लगभग 45.5 प्रतिशत युवतियां आधुनिक गर्भनिरोधकों का उपयोग करती हैं। शिक्षा के प्रसार से होने वाले शहरीकरण से सिर्फ युवाओं की जीवनशैली ही नहीं, बल्कि प्राथमिकताएं भी बदल गई हैं। शिक्षा, डिजिटल पहुंच और नीतिगत परिवर्तन ने युवाओं को स्वतंत्र और जागरूक निर्णयकर्ता बना दिया है। जनसंख्या के प्रति अधिक संवेदनशील दृष्टिकोण, जागरूकता और सक्रियता को देखते हुए आवश्यकता इसकी है कि भारत की जनसंख्या नीति को युवा-केंद्रित बनाया जाए, ताकि भारत न केवल जनसंख्या नियंत्रण, बल्कि जनसंख्या प्रबंधन और नवोन्मेष में विश्व का नेता बने। संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष का विश्लेषण बताता है कि यदि भारत अपने युवाओं के शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार में सही तरीके से सही निवेश करे, तो 2040 तक भारत दुनिया की सबसे बड़ी आर्थिक शक्ति बन सकता है। नीति आयोग रिपोर्ट भी यह रेखांकित करती है कि युवा अब केवल नौकरी चाहने वाले नहीं, बल्कि उद्यमी, स्टार्टअप निमार्ता और नवप्रवर्तक के रूप में उभर रहे हैं। नीति आयोग का सुझाव है कि जनसंख्या नीति में युवाओं की सीधी भागीदारी होनी चाहिए, जिससे वे स्वयं अपनी शिक्षा, रोजगार और स्वास्थ्य योजनाओं के निर्णयों में सह-निमार्ता बन सकें। 15 से 34 वर्ष की 65 प्रतिशत आबादी के साथ भारत विश्व का सर्वाधिक युवा देश है, जिसकी औसत आयु 29 वर्ष है। 2030 तक युवाओं की अनुमानित जनसंख्या 85 करोड़ हो जाएगी। यदि हम इस श्रम बल को कुशल बना पाए तो आर्थिक अवसर की सबसे बड़ी खिड़की भारत के समक्ष खुल सकती है। विश्व बैंक की रिपोर्ट के अनुसार 15 से 24 वर्ष के 22 प्रतिशत बेरोजगार युवाओं को रोजगार और कौशल प्रशिक्षण की आवश्यकता है। भारत की 15 से 35 वर्ष की 52 प्रतिशत शहरी आबादी तक स्वास्थ्य सुविधाओं की पहुंच बनाने से न सिर्फ गरीब और अमीर के बीच स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच में अंतर समाप्त होगा, बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों एवं पिछड़े राज्यों में उच्च प्रजनन दर पर भी इसका असर पड़ेगा। इस युवा आबादी को देश के आर्थिक विकास का इंजन बनाने के लिए एक समन्वित मानव पूंजी विकास रणनीति को सुदृढ़ बनाने की दिशा में कार्य करना होगा। इसके लिए कौशल विकास, तकनीकी एवं व्यावसायिक शिक्षा और स्वास्थ्य संरचना में सुधार कर इस कार्यशील आबादी का सही दिशा में उपयोग किया जा सकता है। अब हमें जनसंख्या को नंबर की तरह नहीं, बल्कि संभावनाओं और अधिकारों के नजरिये से देखना चाहिए, जिससे जनशक्ति को राष्ट्रशक्ति में बदला जा सके।

# निरंकुश अभिव्यक्ति से जुड़े सुप्रीम फैसलों का स्वागत हो

**ललित गर्ग**

सुप्रीम कोर्ट ने अभिव्यक्ति की आजादी एवं सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर एंटी सोशल अभिव्यक्ति की सुनवाई करते हुए समय-समय पर जो कहा, वह जहां संवैधानिक और लोकतांत्रिक मूल्यों के लिहाज से खासा अहम है वहीं एक संतुलित एवं आदर्श राष्ट्र एवं समाज व्यवस्था का आधार भी है। सोशल मीडिया मंचों पर एंटी सोशल अभिव्यक्ति के चलते उपजी विभाजनकारी एवं विध्वंसकारी प्रवृत्तियों पर अंकुश की जरूरत बताते हुए देश की शीर्ष अदालत ने आत्म-नियमन, वाणी संयम एवं विचार संयम की जरूरत बतायी है। धर्म विशेष के देवी-देवताओं के खिलाफ आपत्तिजनक पोस्ट के चलते कई राज्यों में प्राथमिकी दर्ज हुई एवं यह याचिका दायर की गई। दरअसल, जस्टिस बीवी नागरत्ना और जस्टिस के. वी. विश्वनाथन की पीठ ने एक व्यक्ति द्वारा दायर इसी याचिका पर विचार करते हुए कहा कि समाज में विद्वेष, घृणा व नफरत फैलाने वाले संदेश समरसता, सौहार्द एवं सद्भावना के भारतीय परिवेश के लिये गंभीर चुनौती बने हुए हैं। सुप्रीम कोर्ट ने अभिव्यक्ति की आजादी से जुड़ी इन जटिल होती स्थितियों को गंभीरता से लिया और अनेक धुंधलकों को साफ किया है। अदालत का कहना था कि नागरिकों को अभिव्यक्ति की आजादी के अधिकार का मूल्य समझना चाहिए। साथ ही इस अधिकार का इस्तेमाल करते हुए आत्म-संयम बरतना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने अभिव्यक्ति की आजादी व धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने से जुड़े अनेक मामलों के साथ-साथ ताजा मामले में जो फैसले किए हैं और इस दौरान जो टिप्पणियां की हैं, उसके निहितार्थों को समझते हुए इन अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के जुड़े फैसलों रूपी उजालों का स्वागत होना ही चाहिए।





आज सोशल मीडिया जैसे मंचों के बेजा इस्तेमाल की प्रवृति बढ़ रही है, फेसबुक, ट्विटर, यू-ट्यूब जैसे सोशल मंचों एवं टीवी चैनलों पर ऐसी सामग्री परोसी एवं प्रस्तुत की जा रही है, जो अशिष्ट, अभद्र, हिंसक, भ्रामक, राष्ट्र-विरोधी एवं समुदाय विशेष के लोगों को आहत करने वाली होती है, जिसका उद्देश्य राष्ट्र को जोड़ना नहीं, तोड़ना है। इन सोशल मंचों पर ऐसे लोग सक्रिय हैं, जो तोड़-फोड़ की नीति में विश्वास करते हैं, वे चरित्र-हनन और गाली-गलौच जैसी ओछी हरकतें करने के लिये उद्यत रहते हैं तथा उच्छृंखल एवं विध्वंसात्मक नीति अपनाते हुए अराजक माहौल बनाते हैं। एक प्रगतिशील, सभ्य एवं शालीन समाज में इस तरह की हिंसा, अश्लीलता, नफरत और भ्रामक सूचनाओं की कोई जगह नहीं होनी चाहिए, लेकिन विडम्बना है कि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता कानून के चलते सरकार इन अराजक स्थितियों पर काबू नहीं कर पा रही है।

सुप्रीम कोर्ट ने चेताया है कि यदि सोशल मीडिया पर विभाजनकारी प्रवृत्तियों पर अंकुश नहीं लगता तो सरकार को हस्तक्षेप करने का मौका मिलता है, जो एक अच्छी स्थिति नहीं होगी। आज सोशल मीडिया, समाचार चैनलों और राजनीतिक मंचों पर जिस प्रकार की उग्र भाषा, झूठे आरोप, धार्मिक विद्वेष और भावनात्मक उकसावे देखे जा रहे हैं, वे न केवल समाज को विभाजित कर रहे हैं, बल्कि लोकतांत्रिक संवाद की गरिमा को भी ठेस पहुँचा रहे हैं। यही वजह है कि कोर्ट को कहना पड़ा कि वह नियमन के लिये दिशा-निर्देश जारी करने पर विचार कर रही है। दरअसल, अदालत का मानना था कि भारत के संविधान का अनुच्छेद 19(1) नागरिकों को अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता देता है, इसके तहत प्रत्येक नागरिक को विचार, वाणी, लेखन, चित्रण आदि के माध्यम से स्वतंत्र रूप से अपनी बात कहने का अधिकार है। लेकिन आज इस अधिकार के दुरुपयोग की घटनाएं जिस प्रकार सामने आ रही हैं, वह चिंता का विषय बन चुकी हैं। इसलिए आज जरूरत है विचार संयम और वाणी संयम की। इसीलिये अनुच्छेद 19(2) इसके कुछ उचित प्रतिबंध भी निर्धारित करता है जैसे भारत की संप्रभुता और अखंडता, देश की सुरक्षा, राज्य की अखंडता, लोक व्यवस्था, शालीनता या नैतिकता, अश्लील या अनैतिक भाषण, अदालत की अवमानना, मानहानि, अपराध के लिए उकसावा एवं अन्य देशों के साथ मैत्रीपूर्ण संबंधों से जुड़ी अराजकता पर प्रतिबंध, इन प्रतिबंधों का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि स्वतंत्रता का उपयोग अनुशासन और राष्ट्रीय हितों की मयार्दा में हो। संविधान के अनुच्छेद 19(2) के तहत मिली आजादी असीमित कदापि नहीं है।

ताजा मामलों में कई राज्यों में स्वतंत्र अभिव्यक्ति के नियमन को लेकर सरकारी कार्रवाई को लेकर भी सवाल उठते रहे हैं। कई जगह विचारों की अभिव्यक्ति व कार्टून आदि बनाने को राजनीतिक दुराग्रह बताते हुए लोगों को गिरफ्तार तक किया गया है। जिसे राजनीतिक दलों द्वारा बदले की भावना से की कार्रवाई बताया जाता रहा है। आरोप लगाया जाता रहा है कि सत्तारूढ़ दल की विचारधारा के अनुरूप अमर्यादित एवं अशालीन अभिव्यक्ति के बावजूद कोई एक्शन नहीं लिया जाता। लेकिन दूसरे राज्य में अन्य राजनीतिक दल की सरकार में यही अभिव्यक्ति अपराध बन जाती है। कोई नहीं चाहता कि आम नागरिक की अभिव्यक्ति की आजादी को सरकार नियंत्रित करे। सही मायनों में लोगों को समझना चाहिए कि देश की एकता व अखंडता बनाये रखना मौलिक कर्तव्य ही है। अदालत ने इस बाबत सवाल भी किया कि नागरिक स्वयं को संयमित क्यों नहीं कर सकते? राजनीतिक दल, धार्मिक नेता या उग्रवादी कार्यकर्ता क्यों समाज में विषवमन करते हुए विवादास्पद एवं वर्ग-धर्म विशेष के लोगों की भावनाओं को आहत करने वाले कटू एवं कड़वे बयान देते हैं? कोर्ट का मानना था कि लोग तभी अभिव्यक्ति की आजादी का आनन्द ले सकते हैं जब यह संयमित ढंग से व्यक्त की जाए। शीर्ष अदालत की पीठ का मानना था कि नागरिकों के बीच भाईचारा होना चाहिए, तभी समाज में नफरत से मुकाबला किया जा सकता है। तभी हम गंगा-जमुनी सांझा संस्कृति के राष्ट्र एवं समाज का निर्माण कर सकते हैं। आज के दौर में हमें विचार संयम और वाणी संयम को अपनी संस्कृति और लोकतंत्र की आधारशिला बनाना होगा। जैसाकि स्वामी विवेकानंद ने कहा था कि ह्लबोलने से पहले तीन बार सोचो, क्या यह सत्य है? क्या यह आवश्यक है? क्या यह दूसरों को आहत तो नहीं करेगा?ह्व संविधान हमें अधिकार देता है, लेकिन उसके साथ आत्मानुशासन और समाजहित की अपेक्षा भी करता है। यदि हम इसे समझ लें, तो हमारा लोकतंत्र और अधिक सशक्त और समरस बन सकता है। अभिव्यक्ति की आजादी लोकतंत्र की आत्मा है, लेकिन जब यह सीमा पार करती है तो देश की एकता, अखंडता और सामाजिक समरसता को खतरा उत्पन्न होता है।

# ज्ञान विज्ञान और अनवरत श्रम विकसित राष्ट्र की बुनियाद

**संजीव ठाकुर**

वैश्विक परिदृश्य में किसी भी देश की पहचान और उसका महत्व देश की शिक्षा प्रणाली की गुणवत्ता, संस्कारों में अंतर्निहित ज्ञान और देश की सांस्कृतिक विविधता से ही होती है इसके पश्चात प्राकृतिक संसाधनों का दोहन एवं विज्ञान, तकनीकी एवं व्यापारिक क्षमता से देश की स्थिति का आकलन होता है। किसी भी राष्ट्र की आधारशिला उस राष्ट्र की संस्कृति, शिक्षा, संस्कार और ज्ञान की कसौटी ही होते है। शिक्षित नागरिक ही महान राष्ट्र का निर्माण करते हैं, और संस्कृति, संस्कार उसे समुर्द्ध देश बनाते हैं। राष्ट्र निर्माण में हर नागरिक का महत्वपूर्ण योगदान होता है। आज का नवजात शिशु कल का सफल नागरिक होता है, उसकी शिक्षा-दीक्षा और संस्कार से ही देश की सफलता निर्भर होती है। कक्षा की पिछली सीट पर बैठे किसी आइंस्टीन की तलाश के लिए पारखी की नजरों की आवश्यकता होती है। जिसे नकारा घोषित कर विद्यालय से निकाल दिया जाता है, वही बालक आगे चलकर युग परिवर्तनकारी ₹सापेक्षता का विशिष्ट सिद्धांत₹ दे जाता है. न्यूटन के गति के सिद्धांत हमारे जिंदगी को द्रुतगति से आगे की ओर अग्रसर करते हैं। यह ऐसे बालक जो जो आगे चलकर बनी बनाई परंपरा तथा लीक से हटकर चलते हैं, और परंपराओं पर गहरी चोट करते हैं। जो समाज से सुना, उसे सुनकर रह नहीं जाते हैं, और जो समाज में उसने देखा, सिर्फ देख कर नहीं रह जाते हैं, बल्कि देख सुनकर उस पर चिंतन मनन कर नई धारणा तथा सिद्धांतों को प्रतिपादित करते हैं और विश्व को उसकी सौगात भी देते हैं। हमें इन महान बालकों को गरीब बस्तियों से लेकर गली मोहल्ले और शहरों में खोजना चाहिए। बेंजामिन फ्रैंकलीन कि अपनी राय है कि बिना वैचारिक स्वतंत्रता के बुद्धि जैसी कोई चीज हो ही नहीं सकती है। हम वर्तमान में जिस समाज में हैं और जिस समाज से हमने सभ्यता का विकास की शुरूआत की है, उसका जब सूक्ष्म विश्लेषण करते हैं तो यही पाते हैं कि अपनी आजादी के तमाम तामझाम बनाने वाला इंसान दिन प्रतिदिन अपनी की बनाई दुनिया के बोझ तले गुलाम होता जा रहा है। आज हमारी शिक्षा व्यवस्था ऐसी हो गई है, कि बचपना बस्ते के बोझ तले दबता चला जा रहा है। हमारी शिक्षा व्यवस्था को ऐसा होना चाहिए कि बच्चों को किताबी कीड़ा बनाने के बजाय उसकी नैसर्गिक रचनात्मक प्रतिभा को उभार कर जीवन उपयोगी बनाएं। बच्चों का मूल्यांकन सिर्फ इसी आधार पर नहीं होना चाहिए कि उसने कितने अंक प्राप्त किए हैं, बल्कि यह देखा जाना चाहिए कि उसकी रूचि किस क्षेत्र में ज्यादा है, और वह जीवन में इस क्षेत्र में आगे बढ़ कर एक सफल इंसान और समाज के लिए कितना उपयोगी हो सकता है, और वह खेल, साहित्य, संस्कृति, विज्ञान में कितना अपनी शक्ति और क्षमता के हिसाब से क्या प्रदर्शन कर सकता है। माता-पिता तथा अभिभावकों को भी इस बात का विशेष ध्यान रखना चाहिए कि उसे जबरिया डॉक्टर, इंजीनियर, वैज्ञानिक या अधिकारी बनाने की बजाय उसकी रूचि हो को मद्देनजर रखकर उसका कैरियर चुनने की आजादी देने में मदद करनी चाहिए। अधिकांश भारतीयों ने जो अनुसंधान या नई खोजें की हैं, वह सब विदेशों में जाकर ही वहीं की सुविधाएं प्राप्त कर, परिणाम दे सके हैं। भारत में गणित, विज्ञान तकनीकी संचार, इंजीनियरिंग, मीडिया रिसर्च की बहुत ज्यादा आवश्यकता है। यह अत्यंत विचार योग्य है कि हम अपने युवा देश के युवा साथियों को उत्कृष्ट मंच अनुसंधान अथवा साहित्य, संस्कृति, विज्ञान तथा अन्य क्षेत्रों में नहीं दे पा रहे हैं। प्रतिभा पलायन की दरों में वृद्धि को रोककर हमें अपने बच्चों को बाल्यकाल से उनकी विचारधारा तथा रूचि के अनुसार समस्त सुविधाएं प्रदान कर नई चीजों के लिए उन्हें प्रोत्साहित कर उन्हें साधन संपन्न बनाना चाहिए।

# डुप्लीकेट लोगों के साथ सत्ता! देवेंद्र फडणवीस के ऑफर पर संजय राउत का जबरदस्त पलटवार

**महाराष्ट्र विधान परिषद में विपक्ष के नेता अंबादास दानवे के विदाई समारोह में सीएम देवेंद्र फडणवीस के उद्धव ठाकरे को दिए ऑफर पर शिवसेना यूबीटी सांसद संजय राउत ने पलटवार किया है। संजय राउत ने बीजेपी पर डुप्लीकेट लोगों के साथ सत्ता में होने का आरोप लगाया।**



**भारत संवाद न्यूज नेटवर्क**

मुंबईः महाराष्ट्र विधान परिषद में विपक्ष के नेता अंबादास दानवे के विदाई समारोह में सीएम देवेंद्र फड़नवीस के उद्धव ठाकरे को दिए ऑफर पर शिवसेना यूबीटी सांसद संजय राउत ने पलटवार किया है। संजय राउत ने बीजेपी पर डुप्लीकेट लोगों के साथ सत्ता में होने का आरोप लगाया। उन्होंने फडणवीस के प्रस्ताव को मजाक बताया और कहा कि शिवसेना अपने नाम और चुनाव चिन्ह के लिए सुप्रीम कोर्ट में लड़ रही है। संजय राउत ने यह भी कहा कि उद्धव ठाकरे जल्द ही दिल्ली आ सकते हैं और इंडिया गठबंधन की बैठक में भाग लेंगे।फडणवीस के बयान पर कड़ी प्रतिक्रियासंजय राउत ने देवेंद्र फडणवीस के बयान पर कड़ी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि फडणवीस मजाक करने में माहिर हैं। राउत ने फडणवीस के ऑफर को गंभीरता से लेने से मना किया। उन्होंने कहा कि शिवसेना असली है और बाकी सब डुप्लीकेट हैं। राउत ने बीजेपी पर डुप्लीकेट शिवसेना और डुप्लीकेट एनसीपी ( अजित पवार ) के साथ सत्ता का आनंद लेने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि बीजेपी का कोई वैचारिक या नैतिक आधार नहीं है। '2029 तक कोई गुंजाइश नहीं' कहना हास्यास्पदराउत ने फडणवीस पर निशाना साधते हुए कहा कि यह ऑफर नहीं, बल्कि एक चूक है।

# स्वच्छ सर्वेक्षण 2024: मीरा भाईंदर ने किया महाराष्ट्र का मस्तक ऊंचा

## पूरे देश में हासिल की पहली रैंक

**महाराष्ट्र में पिछले दिनों भाषा विवाद को एपीसेंटर बने भीरा भाईंदर ने स्वच्छ सर्वेक्षण में महाराष्ट्र का मस्तक ऊंचा किया है। अवॉर्ड समारोह में मीरा भाईंदर को देशभर में सबसे साफ शहर का अवॉर्ड दिया गया। मिरा भाईंदर महानरागरपालिका के आयुक्त ने राष्ट्रपति से यह सम्मान ग्रहण किया।**

**भारत संवाद न्यूज नेटवर्क**



मुंबईः पिछले दिनों महाराष्ट्र में भाषा विवाद के चलते चर्चा में आए मीरा भाईंदर ने स्वच्छ सर्वेक्षण 2024-25 में अपना डंका बजाया है। गुरुवार को नई दिल्ली में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने हाउसिंग एंड अर्बन अफेयर्स मंत्री मनोहर लाल की मौजूदगी में मीरा भाईंदर महानगरपालिका की टीम को क्लीनेस्ट सिटी के अवॉर्ड से सम्मानित किया है। इस मौके पर महाराष्ट्र सरकार में राज्य मंत्री माधुरी मिसाल भी मौजूद रहीं। स्वच्छ सर्वेक्षण की सूची में ज्यादा इंदौर, अंबिकानगर और मैसूर टॉप थ्री सिटी चुने गए तो वहीं 10 लाख से अधिक आबादी के वर्ग में अहमदाबाद को सबसे साफ स्वच्छ शहर चुना गया है। मीरा भायंदर को 3 से 10 लाख की आबादी के वर्ग में सबसे स्वच्छ शहर चुना गया ।बालों से खींचा, हाथ जोड़ माफी मंगवाई... टठर कार्यकताओं ने अब मेडिकल शॉप के कर्मचारी को पीटा, अनुपम खेर की पहली पत्नीः 70 की उम्र में अकेले कट रही जिंदगी ! सनी देओल की 'ताई' जो कभी थीं अन्नू कपूर की भाभी

'सना खान मौलाना साहब से शादी के बाद पूरी तरह से बदल गईं', जरीन खान ने बताया- निकाह से पहले कैसी थीं वो

'जवानों ने हमारे 357 साथियों को मार गिराया, कई टॉप लीडरों का भी एनकाउंटर', नक्सली संगठन ने बताया- कहां सबसे ज्यादा नुकसान

मीरा भायंदर का डंका

आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय ने स्वच्छ सर्वेक्षण अवॉर्ड के 9वें संस्करण में कुल चार वर्ग में 74 अवॉर्ड दिए गए। इसमें मुंबई के ठाणे के पास स्थित मीरा भायंदर शहर का जलवा रहा। मीरा रोड नगर निगम क्षेत्र का एक प्रमुख क्षेत्र है। जिसकी अपनी अलग पहचान है। मीरा भायंदर को यह उपलब्धि ऐसे वक्त पर हासिल हुई है जब मीरा भाईंद को नया जिला बनाने की मांग लंबे समय से हो रही है। संपूर्ण मीरा-भयंदर क्षेत्र मुंबई उपनगरीय जिले के ठीक बाहर स्थित है और मुंबई द्वीप के करीब होने के बावजूद, आधिकारिक तौर पर ठाणे जिले का हिस्सा है। मीरा भाईंदर की यह स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 में मिला अवॉर्ड इसलिए बड़ा है क्योंकि मिरा भाईंदर महानगरपालिका ने पूरे देश में टॉप किया है।महाराष्ट्र सरकार ने 12 जून, 1985 को पांच ग्राम पंचायतों को मिलाकर एक मीरा भायंदर नगर परिषद का गठन किया था। पांच साल सरकार ने 23 जनवरी, 1990 को इसमें चार और ग्राम पंचायतों को मिला दिया था। इनमें रायगढ़, मुर्दे, डोंगरी, उत्तरान और वसोर्वा थे। इसके बाद मीरा भायंदर को फरवरी 2002 में नगर निगम का दर्जा मिल गया। मीरा भाईंदर में मिश्रित आबादी है। यहां पर हिंदी और मराठी बोली जाती है। इसके अलावा गुजराती आबादी भी काफी है। स्वच्छ सर्वेक्षण 2024-25 में मीरा भाईंदर को तीन से 10 लाख की आबादी वर्ग में सबसे साफ शहर के अवॉर्ड से नवाजा गया है। महानगर पालिका को आयुक्त और प्रशासक आईएएस राधाबिनोद शर्मा ने ने अवॉर्ड ग्रहण किया। मिरा भाईंदर महानगर पालिका ने इस अवॉर्ड के लिए शहर के सभी नागरिकों का आभार व्यक्त करते हुए हार्दिक अभिनंदन व्यक्त किया है।

**फास्ट ट्रैक**

# माननीय रेल मंत्री ने पुणताम्बा-साईनगर शिरडी रेल लाइन के दोहरीकरण को मंजूरी दी

**भारत संवाद न्यूज नेटवर्क**

माननीय रेल मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव ने 239.80 करोड़ रुपये की लागत से 16.50 किलोमीटर लंबी पुणताम्बा-साईनगर शिरडी रेल लाइन के दोहरीकरण को मंजूरी दी है। यह परियोजना क्षमता वृद्धि के लिए मल्टी-ट्रैकिंग के 2024-25 अम्ब्रेला कार्य का हिस्सा है। परियोजना क्षेत्र के आसपास, अहमदनगर, पुणताम्बा, शिरडी और नासिक रोड के माध्यम से पुणे-नासिक नई कनेक्टिविटी के लिए अंतिम स्थान सर्वेक्षण भी प्रगति पर है और यह मार्ग एक नए गलियारे के रूप में कार्य करेगा और दो महत्वपूर्ण धार्मिक स्थलों के बीच रेल संपर्क को बढ़ाएगा।दोहरीकरण कार्य से पुणताम्बा-साईनगर शिरडी खंड की लाइन क्षमता में वृद्धि होगी, जिसका वर्तमान में 19.66% उपयोग हो रहा है और निकट भविष्य में दोहरीकरण के बिना इसके 79.70% तक बढ़ने की उम्मीद है। पुणताम्बा और साईनगर शिरडी पहले से ही रेलमार्ग से जुड़े हुए हैं और इस मार्ग पर कई ट्रेनें चलती हैं। यह परियोजना साईनगर शिरडी तक रेल संपर्क को सुगम बनाएगी और शिरडी स्थित साईंबाबा के मंदिर में आने वाले लाखों श्रद्धालुओं के लिए एक वरदान साबित होगी। इससे न केवल श्रद्धालुओं को बल्कि नियमित यात्रियों, छात्रों, व्यापारियों और किसानों को भी लाभ होगा। इससे कृषि उत्पादों आदि की बाजारों तक आवाजाही भी सुगम होगी और क्षेत्र की अर्थव्यवस्था को बढ़ावा मिलेगा।

# छांगुर बाबा से जुड़े मुंबई के दो ठिकानों पर ईडी का छापा, शहजादा के खाते में कितने करोड़ के ट्रांजैक्शन पर पहुंची टीम?

**धर्मांतरण और हवाला ट्रांजैक्शन मामले में छांगुर बाबा का नाम विदेशी फंड से जुड़ने के बाद ईडी ने देश भर के 14 ठिकानों पर छापेमारी की। इसमें से मुंबई के दो स्थान पर भी सर्च ऑपरेशन चलाया गया। यह सर्च ऑपरेशन छांगुर बाबा के करीबी शहजादा के मुंबई वाले घर पर हुई।**

**भारत संवाद न्यूज नेटवर्क**

मुंबईः धर्मांतरण और हवाला ट्रांजैक्शन मामले में छांगुर बाबा का नाम विदेशी फंड से जुड़ने के बाद ईडी ने देश भर के 14 ठिकानों पर छापेमारी की। इसमें से मुंबई के दो स्थान पर भी सर्च ऑपरेशन चलाया गया। करोड़ों रुपए की हेराफेरी की बात सामने आने के बाद बाद प्रवर्तन निदेशालय ( एऊ ) ने गुरुवार को मुंबई के बांद्रा और माहिम में सर्च ऑपरेशन किया। यह सर्च ऑपरेशन छांगुर बाबा के करीबी माने जाने वाले शहजादा के मुंबई निवास स्थान पर हुई ।मुंबई तक कैसे पहुंची जांचसूत्रों के मुताबिक ईडी के दर्जन भर अधिकारी सुबह 5 बजे ही बांद्रा स्थित कनकिया पेरिस इमारत पर पहुंच गए थे। शहजादा के खाते में 2 करोड़ का ट्रांजैक्शन मिलने के बाद जांच की आंच मुंबई तक पहुंची थी। शहजादा के खाते में नवीन के बैंक अकाउंट से पैसे ट्रांसफर हुए थे। नविन भी छांगुर बाबा का करीबी माना जाता है। देश भर में कुल 14 ठिकानों पर एक साथ यह सर्च ऑपरेशन चलाया गया। सूत्रों की मानें तो अब तक एऊ को छांगुर बाबा के 18 बैंक अकाउंट्स की जानकारी मिली है। इनमें 68 -70 करोड़ रुपये से अधिक का संदिग्ध लेनदेन हुआ है ।हवाला नेटवर्क की जांचसूत्रों के अनुसार, इस रकम का इस्तेमाल छांगुर नेटवर्क की गतिविधियों और धर्मांतरण के लिए किया गया। एऊ अब मुंबई से लेकर बलरामपुर तक इस पूरे नेटवर्क की कड़ियां जोड़ने में जुटी है। ताकि मनी लॉन्ड्रिंग और कथित अंतरराष्ट्रीय फंडिंग की जांच आगे बढ़ाई जा सके। छांगुर के हवाला नेटवर्क की जांच में अब तक 18 बैंक खातों का पता चला है ।कुछ खातों में 7-8 करोड़ रुपये का लेनदेनपिछले तीन महीनों में ही कुछ खातों में 7-8 करोड़ रुपये का लेनदेन हुआ है। एजेंसियों के मुताबिक, छांगुर का नेटवर्क यूएई, सऊदी अरब और तुर्की जैसे देशों तक फैला हुआ है। इन देशों के पांच बैंक अकाउंट्स के जरिए विदेशी फंडिंग की गई । विदेशों से कब, कितना और कहां पैसा भेजा गया, इसकी जांच जारी है।

# महाराष्ट्र विधानसभा परिसर में भिड़े विधायक जितेंद्र आव्हाड और गोपीचंद पडलकर के समर्थक

**मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने पूरे मामले को लेकर कहा कि जो स्थिति उत्पन्न हुई है वह सही नहीं है। यह महाराष्ट्र विधानसभा अध्यक्ष और महाराष्ट्र विधान परिषद अध्यक्ष के अधिकार क्षेत्र में आता है। इसलिए इस मुद्दे पर ध्यान दिया जाना चाहिए। विधान भवन में इस तरह के झगड़े नहीं होने चाहिए।**

**भारत संवाद न्यूज नेटवर्क**



महाराष्ट्र विधानसभा के बाहर भाजपा विधायक गोपीचंद पडलकर और एनसीपी-एससीपी नेता जितेंद्र आव्हाड के समर्थकों के बीच झड़प हो गई। यह तीखी बहस एक दिन पहले दोनों नेताओं के बीच कार का दरवाजा खोलने को लेकर हुई बहस के बाद हुई है, जो कथित तौर पर गाली-गलौज तक बढ़ गई। बुधवार को मामूली विवाद से शुरू हुआ यह मामला शुक्रवार को गंभीर रूप ले लिया जब दोनों नेताओं के समर्थक विधान भवन परिसर में आमने-सामने आ गए। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने पूरे मामले को लेकर कहा कि जो स्थिति उत्पन्न हुई है वह सही नहीं है। यह महाराष्ट्र विधानसभा अध्यक्ष और महाराष्ट्र विधान परिषद अध्यक्ष के अधिकार क्षेत्र में आता है। इसलिए इस मुद्दे पर ध्यान दिया जाना चाहिए। विधान भवन में इस तरह के झगड़े नहीं होने चाहिए। इसलिए इस मुद्दे की उचित जांच होनी चाहिए। वहीं, जितेंद्र आव्हाड ने कहा कि पूरा महाराष्ट्र जानता है कि हमलावर कौन था। हमसे बार-बार सबूत मांगे जा रहे हैं, जबकि पूरे देश ने देखा है कि हमला किसने किया। गुंडों को विधानसभा में घुसने दिया जा रहा है और विधायकों की सुरक्षा खतरे में है। मुझे गालियाँ दी गईं, जान से मारने की धमकी दी गई। उन्होंने दावा किया कि 'कुत्ता', 'सुअर' जैसे अपशब्दों का इस्तेमाल किया गया। क्या विधानसभा में यही होना अपेक्षित था? मैं भाषण देकर बाहर आया ही था कि ये लोग मुझसे भिड़ गए। अगर विधानसभा में विधायक सुरक्षित नहीं हैं, तो हम विधायक क्यों रहें? गोपीचंद पडलकर ने कहा कि यहां जो कुछ हुआ उससे मैं सचमुच दुखी हूं। यह एक दुर्भाग्यपूर्ण घटना है... मैं खेद व्यक्त करता हूं और माफी मांगता हूं। शिवसेना प्रमुख उद्धव ठाकरे ने कहा, ₹अगर गुंडे विधानसभा तक पहुंच गए हैं, तो राज्य के गृह मंत्री और मुख्यमंत्री को इसकी जिम्मेदारी लेनी चाहिए। यह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है। विधानसभा में इस तरह का आचरण उचित नहीं है ।इससे पहले गुरुवार को महाराष्ट्र विधानसभा के गेट पर गोपीचंद पडलकर और जितेंद्र आव्हाड के बीच तीखी बहस हुई। यह झड़प तब हुई जब पडलकर अपनी कार से बाहर निकले और कथित तौर पर दरवाजा जोर से बंद कर दिया। आव्हाड ने उन पर जानबूझकर ऐसा करने का आरोप लगाया और दावा किया कि जोर लगाने से उन्हें नुकसान हो सकता था।

# उद्धव-फडणवीस की 20 मिनट तक मुलाकात, आदित्य ठाकरे भी रहे साथ, त्रिभाषा नीति पर हुई चर्चा

**शिवसेना (यूबीटी) ने बताया कि उद्धव ठाकरे ने आज महाराष्ट्र के सीएम देवेंद्र फडणवीस से एमएलसी अध्यक्ष के कार्यालय में मुलाकात की और उन्हें महाराष्ट्र में तीसरी भाषा के विचार और हिंदी थोपने का विरोध करने वाले समाचार लेखों का एक संग्रह दिया।**

**भारत संवाद न्यूज नेटवर्क**



मुंबईःशिवसेना नेता उद्धव ठाकरे ने आज महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस से मुलाकात की। यह मुलाकात विधान परिषद के सभापति राम शिंदे के कार्यालय में हुई। उनकी मुलाकात लगभग 20 मिनट तक चली। शिवसेना ( यूबीटी ) ने बताया कि उद्धव ठाकरे ने आज महाराष्ट्र के सीएम देवेंद्र फडणवीस से एमएलसी अध्यक्ष के कार्यालय में मुलाकात की और उन्हें महाराष्ट्र में तीसरी भाषा के विचार और हिंदी थोपने का विरोध करने वाले समाचार लेखों का एक संग्रह दिया। बैठक के दौरान ठाकरे ने फडणवीस को 'हिंदीची शक्ति हविच कौशल?' (हिंदी को अनिवार्य बनाने की क्या जरूरत है?) नामक पुस्तक भेंट की। बैठक में उद्धव ठाकरे के पुत्र और विधायक आदित्य ठाकरे भी मौजूद थे। बुधवार को, शिवसेना (यूबीटी) के विधान पार्षद और विपक्ष के नेता अंबादास दानवे, जिनका कार्यकाल अगस्त में समाप्त हो रहा है, के विदाई समारोह के दौरान, फडणवीस ने पूर्व मुख्यमंत्री ठाकरे को महायुति में शामिल होने का खुला प्रस्ताव दिया। फडणवीस ने कहा, ₹उद्धवजी, अब हमें 2029 तक कुछ नहीं करना है। हमारे पास वहाँ ( विपक्ष में ) आने की कोई गुंजाइश नहीं बची है। लेकिन आपके पास यहाँ ( सत्ता में ) आने की गुंजाइश है। हम इस बारे में अलग तरह से सोच सकते हैं। हम अलग तरह से बात करेंगे। सभा के बाद मीडियाकर्मियों से बात करते हुए ठाकरे ने कहा, ₹ये बातें हल्के-फुल्के अंदाज में हुईं। इसलिए इन्हें गंभीरता से लेने की जरूरत नहीं है। यह हल्की-फुल्की नोकझोंक थी और इसे इसी तरह देखा जाना चाहिए।

# बॉम्बे हाईकोर्ट ने यूएपीए की संवैधानिक वैधता बरकरार रखी, आतंकवाद विरोधी कानून को चुनौती देने वाली याचिका कर दी खारिज

**अपनी याचिका में भेले ने यूएपीए और भारतीय दंड संहिता की धारा 124ए (देशद्रोह से संबंधित) को असंवैधानिक घोषित करने और उन्हें रद्द करने की मांग की थी।**

**भारत संवाद न्यूज नेटवर्क**



बॉम्बे हाईकोर्ट ने कड़े गैरकानूनी गतिविधियाँ (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) की संवैधानिक वैधता को चुनौती देने वाली एक याचिका को यह कहते हुए खारिज कर दिया है कि यह कानून संविधान के अनुरूप है और याचिकाकर्ता द्वारा प्रस्तुत तर्कों में कोई दम नहीं है। यह याचिका अनिल बाबूराव भेले ने दायर की थी, जिन्हें एल्गार परिषद मामले के संबंध में 2020 में नोटिस जारी किया गया था। अपनी याचिका में भेले ने यूएपीए और भारतीय दंड संहिता की धारा 124ए (देशद्रोह से संबंधित) को असंवैधानिक घोषित करने और उन्हें रद्द करने की मांग की थी। वरिष्ठ अधिवक्ता प्रकाश अंबेडकर ने अदालत में भेले का प्रतिनिधित्व करते हुए तर्क दिया कि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को दबाने के लिए यूएपीए का दुरुपयोग किया जा रहा है। केंद्र सरकार की ओर से अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल संदेश पाटिल और अधिवक्ता चिंतन शाह ने याचिका का विरोध किया। उन्होंने तर्क दिया कि भेले को मामले में केवल एक गवाह के रूप में बुलाया गया था और इसलिए उनके पास कानून की संवैधानिक वैधता को चुनौती देने का कोई कानूनी अधिकार नहीं है। उन्होंने यह भी बताया कि यूएपीए को राष्ट्रपति की स्वीकृति मिल चुकी है और इसे वैध रूप से अधिसूचित किया जा चुका है, जिससे यह एक वैध कानून बन जाता है। न्यायमूर्ति एएस गडकरी और न्यायमूर्ति डॉ. नीला गोखले की खंडपीठ ने यूएपीए को पूरी तरह से संवैधानिक घोषित किया। पीठ ने कहा कि याचिकाकर्ता की दलीलों में कोई ठोस आधार नहीं है। फैसला सुनाते हुए, न्यायालय ने कहा कि यूएपीए संविधान के अनुरूप है। याचिका में उठाई गई चुनौती खारिज हो गई है।

# चलती बस में डिलीवरी, फिर कपड़े में लपेटकर गुपचुप फेंका बच्चा, पुणे से परभणी के बीच हुई हिला देनेवाली घटना

**परभणी जिले में पाथरी पुलिस ने एक पति-पत्नी को पकड़ा है। इन पर आरोप है कि इन्होंने अपने नवजात बच्चे को चलती बस से बाहर फेंक दिया। पुलिस ने इन पर धारा 94 लगाई है। महाराष्ट्र का रहने वाले कपल ने चलती बस से नवजात को फेंका था।**

**भारत संवाद न्यूज नेटवर्क**




पुणे : महाराष्ट्र के परभणी जिले के पाथरी में एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है। पाथरी पुलिस ने एक दंपत्ति पर भारतीय न्याय संहिता की धारा 94 के तहत मामला दर्ज किया है। महिला ने चलती बस में बच्चे को जन्म दिया और उसके बाद बच्चे को कपड़े में लपेटकर चलती बस की खिड़की से बाहर फेंक दिया। पुलिस ने दंपत्ति को नोटिस जारी कर फिलहाल छोड़ दिया है ।पाथरी पुलिस स्टेशन के इंस्पेक्टर महेश लांडगे ने इस घटना के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह घटना मंगलवार सुबह करीब 6 बजे हुई। दंपत्ति पुणे से एक प्राइवेट बस में परभणी जा रहे थे। नवजात शिशु मृत पाया गया था।

### कपल है दिहाड़ी मजदूर

इंस्पेक्टर लांडगे ने दंपत्ति के बयान का हवाला देते हुए बताया कि वे पुणे के चाकन औद्योगिक क्षेत्र में दिहाड़ी मजदूर के रूप में काम करते हैं। उनका कहना है कि बच्चा मरा हुआ पैदा हुआ था। उन्हें डर था कि इससे कानूनी पचड़े में फंस सकते हैं। इसलिए उन्होंने बच्चे को ठिकाने लगाने का फैसला किया। प्रारंभिक जांच के दौरान, महिला ने बताया कि उसने पाथरी तालुका के देवनंद्रा गांव के पास चलती बस में बच्चे को जन्म दिया।

### देवनंद्रा के पास हुई डिलीवरी

यह विवाहित जोड़ा पुणे से परभणी जा रहा था। उन्होंने सोमवार रात पुणे से एक प्राइवेट बस पकड़ी थी। जैसे ही बस देवनंद्रा के पास पहुंची, महिला को प्रसव पीड़ा हुई और उसने बस के अंदर ही बच्चे को जन्म दिया। कुछ ही मिनटों बाद, उसने नवजात शिशु को गहरे नीले और भूरे रंग के कपड़ों में लपेटा और कथित तौर पर चलती गाड़ी से बाहर फेंक दिया। एक स्थानीय निवासी ने यह सब देखा और तुरंत पाथरी पुलिस को सूचित किया। कांस्टेबल अमोल जायसवाल के नेतृत्व में एक पुलिस टीम ने बस का पीछा किया और उसे रोका। दंपत्ति को बस से उतारा गया और महिला को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस को शक है कि यह जानबूझकर किया गया कृत्य था, जिसका मकसद बच्चे को त्यागना और उसे ठिकाने लगाना था। दंपत्ति के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता, 2023 की धारा 94( 3 ) और 94( 5 ) के तहत मामला दर्ज किया गया है। यह धाराएं बच्चे के शव को गुप्त रूप से ठिकाने लगाकर जन्म को छिपाने से संबंधित हैं।

### पुणे से परभणी जा रहे थे दंपति

पुलिस ने दंपति को नोटिस जारी किए हैं और औपचारिक जांच शुरू कर दी है। इस घटना के पीछे की परिस्थितियों का पता लगाने के लिए आगे की जांच जारी है। पुलिस इंस्पेक्टर महेश लांडगे ने बताया कि ये घटना मंगलवार की सुबह हुई। ये जोड़ा पुणे से परभणी जा रहा था। बच्चे की लाश मिली है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही पता चलेगा कि बच्चे की मौत कैसे हुई। उसके बाद ही आगे की कार्रवाई होगी।

# आजादी के 78 साल बाद माओवादी मुख्यालय अबूझमाड़ तक पहली बार सरकारी बस, खत्म हो रहा नक्सलियों का डर

**भारत संवाद न्यूज नेटवर्क**

नागपुर : महाराष्ट्र के नागपुर से एक अच्छी खबर आई है। महाराष्ट्र सरकार की एक बस अब उस इलाके में भी जाएगी, जो कभी नक्सलियों का गढ़ माना जाता था। यह बस सेवा अबूझमाड़ के मुहाने पर स्थित मारकनार गांव तक जाएगी। कभी यह गांव नक्सलियों के जनताना सरकार का हिस्सा था। इसका मतलब है, यहां नक्सलियों का शासन चलता था। अब 78 साल बाद यहां राज्य सरकार की बस पहुंची है। गांव के लोग बहुत खुश हैं। उनके लिए यह एक सपने जैसा है। यह गांव गढ़चिरौली जिले के भामरागढ़ तालुका में है। यहां के लगभग 100 आदिवासी लोगों के लिए यह बस सेवा एक बड़ी बात है। कुछ समय पहले तक तो यहां मोबाइल फोन और आधार कार्ड जैसी चीजें भी नहीं थीं।

### पैदल चलकर कोठी गांव तक जाते थे

यह बस महाराष्ट्र राज्य सड़क परिवहन निगम द्वारा चलाई जाएगी। इससे मारकनार और आसपास के गांवों के लोगों को बहुत फायदा होगा। अब उन्हें 6 किलोमीटर पैदल चलकर कोठी गांव तक नहीं जाना पड़ेगा। कोठी में अहेरी से आने वाली बस रात को रुकती थी और अगले दिन यात्रियों को वापस ले जाती थी। मारकनार के अलावा, मुरंबाहुशी, फुलनार, कोपरशी, पोयारकोठी और गुंडुरवाही जैसे गांवों के लगभग 1,000 लोगों को भी इस बस सेवा का लाभ मिलेगा। इनमे छात्र भी शामिल है।

### नक्सलियों का मुख्यालय

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी 25 मई को मन की बात में गढ़चिरौली के डंॅीएँ१ में बस सेवा शुरू करने की सराहना की थी। उनके भाषण के बाद, गढ़चिरौली पुलिस और प्रशासन ने एक और साहसिक कदम उठाया। उन्होंने मारकनार तक बस सेवा शुरू करवा दी। यह गांव अबूझमाड़ के करीब है, जो नक्सलियों का मुख्यालय माना जाता है।

### तिरंगा लेकर बस का स्वागत

स्कूल के बच्चे बहुत खुश थे। उन्होंने हाथों में तिरंगा झंडा लेकर बस का स्वागत किया। उनके माता-पिता भी ढोल नगाड़े बजाते हुए सरकार के समर्थन में नारे लगा रहे थे। अगले साल यह बस मुरंबाहुशी तक भी जाएगी। कुछ साल पहले तक यहां सिर्फ गोलियों और बमों की आवाजें सुनाई देती थीं।

### गांवबंदी योजना का लाभ

भामरागढ़ डिवीजन अमर मोहिते ने बताया कि मारकनार और आसपास के इलाकों में सरकार की गांवबंदी योजना लागू होने के बाद टरफळउ बस सेवा शुरू की जा सकी। गांवबंदी का मतलब है, गांव वालों ने नक्सलियों को गांव में घुसने से मना कर दिया।

**महाराष्ट्र सरकार**

**लोक निर्माण विभाग कार्यकारी अभियंता कार्यालय बहुमंजिला भवन निर्माण प्रभाग,प्रशासनिक भवन, प्रथम तल, आर.सी. मार्ग, चेंबूर, मुंबई-400071.**

Email : msbckurla.ee@mahapwd.gov.in 022-25220277

No.MBCD/TC/10 3 7/2025 Date-15/07/2025

ई-निविदा सूचना संख्या 1, 2025-2026

कार्यकारी अभियंता, बहुमंजिला भवन निर्माण प्रभाग, चेंबूर, मुंबई-400071 द्वारा सक्षम बोलीदाताओं से कुल 2 कार्यों, जिनकी अनुमानित लागत 1.63 करोड़ है, के लिए 'बी-1' फॉर्म में ऑनलाइन ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। ई-निविदा से संबंधित विवरण http://mahatenders.gov.in पर देखे जा सकते हैं।

ई-निविदा दिनांक 17/07/2025 को सुबह 10:30 बजे से 24/07/2025 को शाम 5:30 बजे तक उपरोक्त साइट से डाउनलोड की जा सकती है। विधिवत भरी हुई ई-निविदा दिनांक 28/07/2025 को दोपहर 12:00 बजे (यदि संभव हो) कार्यकारी अभियंता, बहुमंजिला भवन निर्माण प्रभाग, चेंबूर, मुंबई-400071 के कार्यालय में खोली जाएगी।

सभी विस्तृत जानकारी निम्नलिखित वेबसाइटों पर उपलब्ध है।

विवरण के लिए वेबसाइट देखें:

1.http://mahapwd.gov.in

2.http://mahatenders.gov.in

3. Notice board of Executive Engineer, Multistoreyed Building Construction Division, Chembur, Mumbai-71.

(के.आर. गुप्ता)
कार्यपालक अभियंता

DGIPR/1796/2025-26 बहुमंजिला भवन निर्माण प्रभाग, चेंबूर, मुंबई-400071.

# सेंट्रल रेलवे पर गणपति स्पेशल ट्रेनों की घोषणा, एक घंटे के भीतर ही दे दिया झटका, अब इंतजार में पैसेंजर

मुंबईः मध्य रेलवे ने गणेशोत्सव के लिए 250 विशेष रेलगाड़ियां चलाने की घोषणा की थी। लेकिन घोषणा के एक घंटे के भीतर ही उसे वापस लेना पड़ा। यह घोषणा सोमवार शाम को की गई थी। रेलवे ने घोषणा वापस लेने का कारण नहीं बताया है। रेलवे के इस कदम से यात्रियों में असमंजस की स्थिति पैदा हो गई है ।स्पेशल ट्रेन सेवा के लिए अधिसूचना जारीइसे मध्य रेलवे मुख्यालय ने सोमवार को जारी किया था। नोटिफिकेशन में बताया गया था कि 22 अगस्त से 10 सितंबर के बीच विशेष रेलगाड़ियां चलाई जाएंगी।

**पश्चिम मध्य रेल**

**सिविल इन्जीनियरिंग ▪ ई-निविदा सूचना ▪ सं. डब्ल्यू/623/15, दिनांक 16.07.2025**

भारत संघ के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से **वरिष्ठ मण्डल इंजीनियर (समन्वय), पश्चिम मध्य रेल, कोटा,** निम्नलिखित कार्यों के लिए खुली ई–निविदा आमंत्रित करते है। **टेण्डर संख्या 146/2025 आर:-** कार्य का विवरण: एडीईएन रामगंजमंडी सेक्शन - इम्प्रूवमेंट ऑफ यार्ड एट वेरियस स्टेशनस। अनुमानित लागत: ₹ 9,62,33,675.08. बयाना राशि: ₹ 6,31,200/-. टेण्डर भरने की अंतिम तिथि एवं समय: 12.08.2025 को 15.30 बजे। **टेण्डर संख्या 147/2025 आर:-** कार्य का विवरण: कंस्ट्रक्शन ऑफ स्टोर रुम एट एस एण्ड टी ड़िपो इन सीनियर ड़ीईएन (साउथ) सेक्शन इन रिलेशन टू माड़र्नजैशन एण्ड़ अपकीप ऑफ सेफ्टी रिलेटेड़ सिग्नलिंग गियर एण्ड़ इलेक्ट्रोनिक्स आइटम्स (04 नं.)। अनुमानित लागत: ₹ 2,10,44,709.52. बयाना राशि: ₹ 2,55,200/-. टेण्डर भरने की अंतिम तिथि एवं समय: 05.08.2025 को 15.30 बजे। **टेण्डर संख्या 148/2025 आर:-** कार्य का विवरण: रिपेयर्स एण्ड़ मेंटेनेन्स ऑफ बाउण्ड्री वॉल/फेन्सिंग ऑफ हाई स्पीड़ रुट नागदा-मथुरा सेक्शन फॉर 3 ईयर एट सीनियर ड़ीईएन/साउथ सेक्शन इन कोटा ड़िविजन। अनुमानित लागत: ₹ 6,87,61,856.94. बयाना राशि: ₹ 4,93,800/-. टेण्डर भरने की अंतिम तिथि एवं समय: 05.08.2025 को 15.30 बजे।

पूर्ण विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर अपलोड़ की गई ई–निविदा में तथा वरिष्ठ मण्डल इंजीनियर (समन्वय), पश्चिम मध्य रेल, कोटा, मण्डल रेल प्रबन्धक कार्यालय की कार्यलेखा शाखा के नोटिस बोर्ड पर देखा जा सकता है।

**स्वच्छ भारत अभियान - एक कदम स्वच्छता की ओर**

# ठाणे जिले में हथकड़ी भट्टियों पर छापा; 9.16 लाख का माल जब्त

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

ठाणे , ठाणे जिले के अंजुरगांव और अलीमघर खाड़ी में अवैध हाथ भट्टियों को नष्ट करने के लिए छापेमारी की गई। बारिश का फायदा उठाकर इस खाड़ी में अवैध हाथभट्टी शराब का उत्पादन बढ़ गया था। इसी के तहत, आबकारी विभाग के प्रशिक्षित कर्मचारियों ने 15 जुलाई को नाव से जाकर सभी हाथभट्टी शराब उत्पादन स्थलों को नष्ट कर दिया। इस कार्रवाई में कुल 9 लाख 16 हजार 100 रुपये का माल जब्त किया गया। साथ ही, महाराष्ट्र निषेध निषेध अधिनियम, 1949 के अंतर्गत 03 मामले दर्ज किए गए।ठाणे जिले में सामूहिक अभियान चलाकर की गई कार्रवाई में 200 लीटर क्षमता वाले 178 ड्रम और 1000 लीटर क्षमता वाले 3 बॉयलर, जिनमें 33 हजार 600 लीटर केमिकल और 35 लीटर शराब सहित अन्य हाथभट्टी सामग्री जब्त की गई। इस बार कुछ सामान जल्दी खराब होने वाला था, इसलिए उसे मौके पर ही नष्ट कर दिया गया ।यह कार्रवाई राज्य आबकारी आयुक्त डॉ. राजेंद्र देशमुख, संयुक्त आयुक्त प्रसाद सुर्वे के मार्गदर्शन और कोंकण संभाग के विभागीय उपायुक्त प्रदीप पवार के आदेशानुसार की गई। इस कार्रवाई में उप अधीक्षक वैभव वैद्य, द्वितीय निरीक्षक एच.एम. देवकते, द्वितीय निरीक्षक रंजीत आड़े के साथ ही जवान संदीप धूमल, अविनाश जाधव, रामचंद्र पाटिल, राजू राठौड़, भाऊसाहेब कराड, नारायण जानकर, विनोद अहिरे, प्रवीण धवने, रूपेश खेमनार शामिल थे ।राज्य आबकारी, कोंकण संभाग, ठाणे संभाग द्वारा हाथभट्टी शराब और अवैध शराब निर्माण केंद्रों के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। राज्य आबकारी विभाग ने नागरिकों से अपील की है कि यदि वे ऐसे अवैध कारोबार की शिकायत करना चाहते हैं, तो टोल-फ्री नंबर 18002339999 पर संपर्क करें।

# सेन्ट्रल रेलवे मजदूर संघ ने आयोजित किया भव्य रक्तदान शिविर

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क




मुंबई , सीआरएमएस के अध्यक्ष डॉ प्रवीण वाजपेई के निर्देश पर पांचों मंडलों मुंबई , भुसावल, पुणे सोलापुर ,नागपुर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। मुंबई मंडल अध्यक्ष विवेक सिसोदिया, सचिव संजीव कुमार दुबे, राजकुमार के संयुक्त प्रयास से160 यूनिट रक्त एकत्रित किया इसी तरह पुणे मंडल अध्यक्ष एस पी सिंह, सचिव सुनील मिश्रा के निर्देशन में पुणे एवं मिरज में रक्तदान शिविर में 203 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। भुसावल मंडल में रक्तदान शिविर वृक्षारोपण किया। मुख्यालय उपाध्यक्ष वी के समाधिया, मुख्यालय सचिव किशोर खोलते, मंडल अध्यक्ष मोहम्मद इरफान, सचिव एस बी पाटिल, समन्वयक ए के तिवारी, हरीश तिवारी, सुंदरम झा एवं अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे। यहां 156 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया ।महाराष्ट्र में रक्त की कमी को देखते हुए शिविर आयोजित कर रक्त की कमी को पूरा करने में महावीर इंटरनेशनल ट्रस्ट का भी सहयोग मिला। महावीर इंटरनेशनल ट्रस्ट के अध्यक्ष घनश्याम मोदी सहित सभी पदाधिकारियों ने डॉ प्रवीण वाजपेई को जन्मदिन की शुभकामनाएं देते हुए कहा आपका कार्य बहुत ही सराहनीय है। इस कार्य से सभी को प्रेरणा लेनी चाहिए। अब हम सभी ट्रस्टी आपके साथ इस महान कार्य को पूरा करने में साथ मिलकर सहयोग करतें रहेंगे। एन एफ आई आर के राष्ट्रीय सहायक महासचिव डॉ प्रवीण बाजपेई का जन्मदिन मध्य रेलवे में इसी श्रंखला में संकल्प लेकर मनाया गया कि एक एक रक्त की बूंद किसी की भी जान बचाने के काम आ सकता है। सेन्ट्रल रेलवे के कर्मचारी एवं संगठन के पदाधिकारी व सदस्यों ने अध्यक्ष के जन्मदिन पर संकल्प लिया है कि जब भी रक्त की कमी आयेगी हम उसे पूरा करने में तत्पर रहेंगे। राज्य रक्त संक्रमण परिषद (SBTC) के निदेशक डॉ पुरुषोत्तम पुरी का स्वागत मंडल अध्यक्ष विवेक सिसोदिया ने किया। पुरी ने जन्मदिन पर रक्तदान शिविर का आयोजन को अच्छा कदम बताया और सलाह दी कि इसे निरन्तर करते रहना चाहिए। अध्यक्ष का जन्मदिन बड़े ही उत्साह के साथ मुख्यालय दादर में भी मान्य गया। कोषाध्यक्ष आर जे सिंह , कार्यालय कर्मचारी श्रीमती राजश्री परब, श्रीमती लक्ष्मी पनीकर ने भी स्वागत किया। महावीर इंटरनेशनल ट्रस्ट का विशेष सहयोग रहा। ट्रस्ट के अन्य पदाधिकारी शिविर में शामिल हुये। जे जे महानगर रक्त पेटी की वरिष्ठ अधिकारी श्रीमती नीता डांगे ने कहा कि जब भी रक्त की आवश्यकता होती है तो सीआरएमएस अध्यक्ष तुरन्त शिविर का आयोजन कर रक्त पूर्ति करने में विशेष सहयोग करतें हैं। डॉ नीता डांगे व पूरे नर्सिंग स्टाफ सहित सभी का तहेदिल से डॉ प्रवीण वाजपेई ने सभी का स्वागत एवं धन्यवाद किया। शिविर में कार्यकारी अध्यक्ष वी के सावंत, अनिल महेंद्र, महासचिव अनिल कुमार दुबे, कोषाध्यक्ष रामगोपाल निम्बालकर, संयुक्त महासचिव धर्मेश कर्दम, एम वाई खान,अमीर खान ,महिला अध्यक्ष शिल्पा पालव, श्रीमती दोशी,जोनल मीडिया सलाहकार आर बी चतुर्वेदी, कार्यकारिणी सदस्य डी वी रमन, मतलूब सिद्दीकी, राजेन्द्र गुजरे, युवा अध्यक्ष गणेश मीना, मनतोष मिश्रा, मंडल अध्यक्ष विवेक सिसोदिया, सचिव संजीव दुबे का विशेष योगदान रहा। राजकुमार मंडल संगठक शांताराम गागुरडे ,दिनेश भमोडे, सहित सभी शाखाओं के अध्यक्ष सचिव सदस्यों ने रक्तदान शिविर को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

फास्ट ट्रैक

# तीन अवैध क्लीनिक सील

## बिना डिग्री के चला रहे थे, नोटिस देने के बाद भी नहीं दिखाए दस्तावेज

शाहजहांपुर, कलान में स्वास्थ्य विभाग ने तीन अवैध क्लीनिक सील कर दिए। प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉक्टर दिनेश सिंह के नेतृत्व में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने पुलिस बल के साथ यह कार्रवाई की। सील किए गए क्लीनिकों में मैन रोड पर राजेश वर्मा का क्लीनिक, विक्रमपुर रोड पर आर्येन्द्र यादव का क्लीनिक और जय गुरुदेव किराना स्टोर के पास राम लखन का क्लीनिक शामिल हैं। डॉक्टर दिनेश सिंह ने बताया कि इन क्लीनिक संचालकों को एक सप्ताह पहले नोटिस देकर आवश्यक दस्तावेज दिखाने को कहा गया था। क्लीनिक संचालकों में से कोई भी अपने दस्तावेज पेश नहीं कर सका। जांच में पता चला कि किसी के पास भी मेडिकल की डिग्री नहीं है। कुछ संचालक इंटरमीडिएट पास हैं, जबकि कुछ बीए की डिग्री रखते हैं। बिना योग्यता के क्लीनिक चलाने के कारण विभाग ने इन्हें सील कर दिया है।



# करंट लगने से महिला की मौत

## फर्श पर पोछा लगाते वक्त पंखे से टकराई, डॉक्टरों ने मृत घोषित किया

शाहजहांपुर, जलालाबाद क्षेत्र में एक दुखद घटना सामने आई। गांव हार गुरैया बड़ा में सुबह 6 बजे के करीब रजनी (पत्नी संजीव कुमार) बरामदे में फर्श की सफाई कर रही थीं। इस दौरान फरार्टे पंखे को हटाने की कोशिश में उन्हें करंट लग गया। परिजन तुरंत उन्हें एक निजी चिकित्सक के पास ले गए। चिकित्सक ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मृतका के पति संजीव कुमार राम मूर्ति वर्मा के भट्टे पर मुनीम का काम करते हैं। रजनी के तीन बच्चे हैं - अंशु, दिव्यांशु और एक छह माह की बेटी। घटना की सूचना मिलते ही जलालाबाद पुलिस जिला अस्पताल पहुंची। पुलिस ने पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थाना प्रभारी राजीव कुमार ने इस बात की पुष्टि की है। मृतका के मायके लोनार, जिला हरदोई को भी घटना की सूचना दे दी गई है। इस अचानक हुई दुर्घटना से परिवार स्तब्ध है।

# सेवानिवृत्त पुलिसकर्मी के घर चोरी

## शाहजहांपुर में दीवार फांदकर घुसे चोर,जेवर और 90 हजार रुपए ले गए

शाहजहांपुर , तिलहर कोतवाली क्षेत्र के सिरोमन नगर में चोरों ने सेवानिवृत्त पुलिसकर्मी के घर को निशाना बनाया। चोर मकान की पूर्वी दीवार से घर में घुसे। उन्होंने जीने के पास लगे कैमरे में रखी अलमारी और बक्से के ताले तोड़े। पीड़ित सतीश शर्मा ने बताया कि चोर एक जोड़ी सोने की झुमकी, सोने का पेंडल और मंगलसूत्र ले गए। इसके अलावा चांदी की तीन जोड़ी पायल, जिनका वजन लगभग 700 ग्राम था और घर में रखे 90,000 रुपए नगद भी चुरा लिए। सतीश के पिता सेवाराम शर्मा उत्तर प्रदेश पुलिस से सेवानिवृत्त हैं। परिवार ने चोरी की सूचना यूपी पुलिस की डायल 112 सेवा को दी। तिलहर कोतवाली क्षेत्र में लगातार चोरियां हो रही हैं। स्थानीय पुलिस अभी तक किसी भी घटना का खुलासा नहीं कर पाई है।



# मुंब्रा में गोपीचंद पडलकर की तस्वीर को जूते से पीटा गया

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



ठाणे ,राष्ट्रवादी कांग्रेस -शरद चंद्र पवार पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव डॉ. जितेंद्र आव्हाड को अपमानित करने वाले गोपीचंद पडलकर के खिलाफ मुंब्रा में सैयद अली अशरफ , शमीम खान और अशरफ शानू पठान के नेतृत्व में जोरदार विरोध प्रदर्शन किया गया। पडलकर की तस्वीर को जूते से पीटा गया और उनकी तस्वीर को पैरों से कुचला गया। इस बीच, पडलकर के खिलाफ पुलिस कार्रवाई और सार्वजनिक रूप से माफी गांगने की मांग की गई है। ऐसा न करने पर पूरे ठाणे शहर के चौराहों पर उनके पुतले जलाए जाएंगे। मुंब्रा विधानसभा क्षेत्र अध्यक्ष शमीम खान ने यह चेतावनी दी ।बुधवार को डॉ. जितेंद्र आव्हाड धनंजय देशमुख के साथ विधानसभा के प्रवेश द्वार पर टहल रहे थे, तभी पडलकर ने अचानक कार रोकी और कार का दरवाजा खोलकर डॉ. जितेंद्र आव्हाड और धनंजय देशमुख को अपमानित किया। डॉ. जितेंद्र आव्हाड जब कार की ओर देख रहे थे, तभी गोपीचंद पडलकर ने उन्हें गालियाँ दीं। इस घटना के विरोध में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी-शरद चंद्र पवार पार्टी के हजारों कार्यकर्ताओं ने मुंब्रा शहर में जबरदस्त विरोध प्रदर्शन किया। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने ₹मंगलसूत्र चोर को गिरफ़्तार करो... मंगलसूत्र चोर को बेड़ियाँ डालो₹ जैसे नारे लगाए और पडलकर के पुतले की पिटाई की। पडलकर के पुतले को पैरों तले कुचल दिया गया। उन्होंने मुंब्रा पुलिस को एक ज्ञापन भी दिया जिसमें पडलकर के खिलाफ कार्रवाई की माँग की गई। इस अवसर पर शमीम खान ने गोपीचंद पडलकर की कड़ी आलोचना की। पडलकर पूर्व विधायक हैं। खान ने कहा कि राष्ट्रीय नेता डॉ. जितेंद्र आव्हाड की आलोचना सूर्य की आलोचना करने के समान है। डॉ. आव्हाड एक वरिष्ठ विधायक हैं उन पर गाड़ी चढ़ाने या गाली-गलौज करने से पडलकर के संस्कार साफ दिखाई देते हैं। गोपीचंद पडलकर को डॉ. जितेंद्र आव्हाड से सार्वजनिक रूप से माफी मांगनी चाहिए; अन्यथा, उन्होंने चेतावनी दी कि न केवल चौराहे पर उनका पुतला जलाया जाएगा, बल्कि अगर वे ठाणे, मुंब्रा या शहर में आए, तो उनका चक्का जाम किया जाएगा। दूसरी ओर, शानू पठान ने कहा कि उनके खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए और भाजपा उनके खिलाफ निलंबन की कार्रवाई करे।

# मनपा के155 सफाई कर्मचारियों को सेवा में हुए स्थायी

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

ठाणे , ठाणे मनपा सेवा में उत्तराधिकार से नियुक्त155 सफाई कर्मचारियों को मनपा की सेवा में स्थायी कर दिया गया है। इस संबंध में नियुक्ति आदेश जारी कर दिए गए हैं ।इससे कर्मचारियों में खुशी का माहौल है। समिति की सिफारिशों के अनुसार, सेवानिवृत्त या स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति लेने वाले सफाई कर्मचारियों के उत्तराधिकारियों को मनपा सेवा में नियुक्त किया जाता है। तीन वर्ष की सेवा पूरी करने के बाद, नियुक्त सफाई कर्मचारियों को मनपा सेवा में स्थायी किया जाता है। इस संबंध में मनपा आयुक्त सौरभ राव द्वारा दिए गए निदेशों के अनुसार स्थापना विभाग ने एक विशेष अभियान चलाया ।इस अभियान में, सभी आवश्यक दस्तावेजों की जाँच के बाद, 155 सफाई कर्मचारियों को चरणबद्ध तरीके से मनपा सेवा में बनाए रखने के आदेश जारी किए गए। आयुक्त सौरभ राव ने सफाई कर्मचारियों को मिलने वाले सभी लाभ तुरंत प्रदान करने के भी निर्देश दिए हैं। इन सफाई कर्मचारियों ने मनपा सेवा में उन्हें बनाए रखने के निर्णय पर संतोष व्यक्त किया है। साथ ही, कर्मचारियों में भी इसे लेकर खुशी का माहौल है।

# उल्हासनगर में दिव्यांग जनों को स्टॉल न दिए जाने के विरोध में दिव्यांगों ने किया मनपा में विरोध प्रदर्शन

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क




उल्हासनगर. प्रहार जनशक्ति पार्टी, प्रहार दिव्यांग क्रांति और राष्ट्र कल्याण पार्टी ने सयुक्त रूप से दिव्यांगो को स्टॉल न दिए जाने और उनसे जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों पर उल्हासनगर नगर महानगरपालिका मुख्यालय के समक्ष धरना प्रदर्शन किया और भारी बारिश में सड़क जाम कर विरोध दर्ज कराया। उक्त दलों ने दिव्यांगों को आत्मनिर्भर बनाने और उनके लिए बाजार में स्टॉल की व्यवस्था की गारंटी, मुफ्त बस सेवा, शिक्षा, स्वास्थ्य और दैनिक यात्रा के लिए मुफ्त सार्वजनिक परिवहन, सुरक्षित और सुलभ आवास के अधिकार की कानूनी गारंटी, इलेक्ट्रिक साइकिल की उपलब्धता, सड़कों के उचित निर्माण योजना तथा दिव्यांगों के लिए आवश्यक सामग्री की खरीद में वित्तीय अनियमितताओं की जांच करने और अनियमितता बरतने वालों के प्रति सख्त कार्यवाही करने के मुद्दों पर मनपा मुख्यालय के सामने धरना देकर सड़क जाम कर दी गई। प्रदर्शनकारी मनपा के मुख्य द्वार के सामने ढाई घंटे तक बैठे रहे और प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। भारी बारिश में सड़क पर बैठकर दिव्यांगों ने प्रशासन के खिलाफ अपना कड़ा आक्रोश व्यक्त किया। सहायक पुलिस आयुक्त और वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक की मध्यस्थता से प्रदर्शनकारियों को अतिरिक्त आयुक्त चव्हाण के साथ इस मुद्दे पर बातचीत की गई। उन्होंने आश्वासन दिया कि बैठक में आगे इन मुद्दों पर सकारात्मक निर्णय लिए जाएँगे। उक्त विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व काजल नाइक, एडवोकेट स्वप्निल पाटिल, शैलेश तिवारी, नीलेश जाधव और प्रधान पाटिल ने किया।

# बैंक की रेकी करने वाला आरोपी गिरफ्तार

- पीएनबी में चोरी की थी कोशिश, तीन साथी बैंक के अंदर ही पकड़े गए थे

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क




शाहजहांपुर, पुलिस ने पंजाब नेशनल बैंक में चोरी की योजना बनाने वाले गिरोह के एक और सदस्य को गिरफ्तार किया है। आरोपी विपिन थाना सेहरामऊ दक्षिणी के मोहद्दीनपुर का रहने वाला है। कांट थाना क्षेत्र में पीएनबी बैंक में चोरी का प्रयास किया गया था। चोरों ने बैंक के ताले तोड़कर दीवार में नकब लगाई थी। गार्ड ने आहट सुनकर पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर बैंक के अंदर से तीन चोरों को गिरफ्तार कर लिया। बैंक की रेकी की थी पूछताछ में पकड़े गए आरोपी ने खुलासा किया कि उसने बैंक की रेकी की थी। उसे पता चला कि बैंक में काफी पैसा आया है। इस जानकारी को उसने अपने साथियों को दी थी। घटना के दिन वह मौके पर नहीं था। उसने साथियों को बताया था कि वे आराम से चोरी कर सकते हैं। थाना प्रभारी ब्रजेश सिंह के अनुसार, आरोपी को ददरौल वाली मोड़ के पास से गिरफ्तार किया गया। आरोपी अपने खिलाफ दर्ज मुकदमे की जानकारी लेने क्षेत्र में आया था। पुलिस ने पूछताछ के बाद आरोपी को जेल भेज दिया है।

# क्रिकेट मैच के विवाद में चाकूबाजी

## 2 युवक घायल, दो की हालत गंभीर; वाराणसी रेफर, 3 आरोपी गिरफ्तार

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



मिर्जापुर, हलिया बस स्टैंड के पास क्रिकेट मैच के पुराने विवाद को लेकर दो गुटों में मारपीट हो गयी। एक पक्ष ने चाकू से हमला कर तीन युवकों को घायल कर दिया। घायलों में खरिहट कला लालगंज के रत्नेश (25) और महुवरिया के प्रियांशु शुक्ला (15) की हालत गंभीर होने पर उन्हें वाराणसी रेफर किया गया। एक घायल का जिला अस्पताल में इलाज किया गया। कोतवाली कटरा पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को नियंत्रित किया। पीड़ित पक्ष की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। सीओ सिटी के अनुसार घटना से जुड़े अन्य पहलुओं की जांच जारी है। स्थानीय लोगों के मुताबिक दोनों पक्षों के बीच पहले से तनाव चल रहा था। पुलिस की त्वरित कार्रवाई से क्षेत्र में शांति बनी हुई है। कानून-व्यवस्था सामान्य है और किसी तरह की कोई तनावपूर्ण स्थिति नहीं है।

# श्रावण में मीट की दुकानें खुलने पर आक्रोश

## तिलहर में विश्व हिंदू परिषद ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन, कार्यवाही का आश्वासन

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



शाहजहांपुर, तिलहर नगर क्षेत्र में श्रावण माह के दौरान मीट की दुकानें और रेस्टोरेंट खुलने का मामला सामने आया है। विश्व हिंदू परिषद ने इसे शासनादेश का उल्लंघन बताया है। विश्व हिंदू परिषद के नगराध्यक्ष अरविंद कुमार गुप्ता के नेतृत्व में संगठन के कार्यकर्ताओं ने एसडीएम कार्यालय पहुंचकर विरोध दर्ज कराया। उन्होंने एसडीएम रविंद्र कुमार को बताया कि श्रावण माह में मीट की दुकानें और रेस्टोरेंट बंद रखना प्रशासन की जिम्मेदारी है। विहिप के सहजिला मंत्री सुरेश शर्मा ने कहा कि शिकायत पर पुलिस दुकानें बंद करवाती है, लेकिन स्थायी समाधान नहीं निकलता। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर प्रशासन कार्रवाई नहीं करता है तो संगठन स्वयं सड़कों पर उतरने को मजबूर होगा। अरविंद कुमार गुप्ता ने कहा कि बहुसंख्यक समाज और कावड़ यात्रियों की भावनाओं का ध्यान रखा जाना चाहिए।

एसडीएम ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तुरंत पुलिस को कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

# शराबी ड्राइवर ने ली फल विक्रेता की जान

## शाहजहांपुर में दुकान समेट रहे दुकानदार पर पलटी कार, आरोपी हिरासत में



भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

शाहजहांपुर, एक शराबी चालक की लापरवाही से फल विक्रेता की जान चली गई। थाना मदनापुर क्षेत्र के कटरा-जलालाबाद रोड पर यह हादसा हुआ। 46 वर्षीय शंकर अपनी फल की दुकान बंद कर रहे थे। शंकर का घर दुकान से सौ मीटर की दूरी पर था। वह रात को फल समेटकर दुकान के अंदर रख रहे थे। इसी दौरान कटरा की तरफ से आई तेज रफ्तार कार उन पर पलट गई। हादसे में शंकर का एक पैर कट गया। स्थानीय लोगों ने नशे में धुत कार चालक को पकड़ लिया। पुलिस को सूचना मिलते ही टीम मौके पर पहुंची। घायल शंकर को तुरंत अस्पताल ले जाया गया। डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने आरोपी कार चालक को हिरासत में ले लिया है। मामले की जांच जारी है। शंकर के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

# ओवरब्रिज निर्माण से बंद हुआ रास्ता

## वैकल्पिक मार्ग खराब, भाकियू ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



शाहजहांपुर, तिलहर में निगोही-तिलहर मार्ग पर गेट नंबर 334 पर ओवरब्रिज निर्माण के कारण रास्ता बंद कर दिया गया है। इससे हजारों लोगों और स्कूली बच्चों का आवागमन प्रभावित हो रहा है। भारतीय किसान यूनियन उत्तर प्रदेश के तहसील अध्यक्ष गेंदन लाल लोधी के नेतृत्व में क्षेत्र के कई गांवों के लोगों ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। ग्राम रूजवारी से होकर बनाया गया वैकल्पिक मार्ग काफी लंबा है। इस मार्ग पर पत्थर पड़े होने से लोग गिरकर चोटिल हो रहे हैं। तहसील अध्यक्ष ने बताया कि रास्ते को पक्का करने का कई बार प्रस्ताव दिया गया। लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने गुलचंपा रेलवे क्रॉसिंग से ग्राम बरखेड़ा हवेली तक के रास्ते को पक्का करने की मांग की है। इससे स्कूल और कोचिंग जाने वाले छात्र-छात्राओं को राहत मिलेगी। युवा प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष आदित्य सिंह लोधी ने गेट नंबर 335 को खोलने और वहां गेटमैन की नियुक्ति की मांग की है। उन्होंने चेतावनी दी कि मांग न मानने पर संगठन आंदोलन करेगा। एसडीएम ने वैकल्पिक मार्ग की मरम्मत का निर्देश दिया है। ज्ञापन देने वालों में सरेली, बलेमा, जन्यूरी, डभौरा और नवदिया गांव के ग्रामीण शामिल थे।

# खाद की किल्लत से किसान परेशान

- सहकारी समितियों में सीमित आपूर्ति, प्राइवेट दुकानों में 500 में बिक रही खाद

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



शाहजहांपुर, पुवायां तहसील क्षेत्र में किसानों को खाद की गंभीर समस्या का सामना करना पड़ रहा है। सहकारी समितियों के बाहर किसान लाइन में लग जाते हैं। लेकिन शाम तक भी खाली हाथ लौटना पड़ता है। किसानों का कहना है कि खाद की जमकर कालाबाजारी हो रही है। सहकारी समितियों में खाद की आपूर्ति बेहद कम है। प्राइवेट दुकानदार 267 रुपये प्रति बोरी वाली खाद को 500 रुपये में बेच रहे हैं। इतना ही नहीं, दुकानदार खाद के साथ अन्य महंगे उत्पाद भी खरीदने की शर्त रख रहे हैं। धान की रोपाई का मौसम चल रहा है। इस समय किसानों को खाद की सबसे ज्यादा जरूरत होती है। लेकिन प्रशासन की ओर से कोई ठोस कदम नहीं उठाया जा रहा है। कृषि विभाग के अधिकारियों का कहना है कि लिखित शिकायत मिलने पर कार्रवाई की जाएगी। किसानों का आरोप है कि प्रशासन सिर्फ औपचारिकता कर रहा है। जमीनी स्तर पर कोई राहत नहीं मिल रही है। किसानों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि खाद वितरण व्यवस्था को जल्द सुधारा जाए। कालाबाजारी पर कड़ी कार्रवाई की जाए। इससे खरीफ फसल की बुआई प्रभावित न हो।

भारत संवाद परिवार

1-संरक्षक-भारत संवाद
डॉ राम किशोर शर्मा
पूर्व विभागाध्यक्ष इलाहाबाद विश्व विद्यालय कबीर सम्मान 2021 से सम्मानित,
2-संरक्षक-भारत संवाद
आचार्य पं0 पृथ्वीनाथ पाण्डेय
भाषाविज्ञानी एंव मीडियाध्ययन विशेषज्ञ
3-संरक्षक-भारत संवाद
गजानन महतपुरकर
(सुपरिचित कवि, लेखक, गीतकार, मंच संचालक, स्वतंत्र पत्रकार एवं सदस्य, महाराष्ट्र राज्य हिंदी साहित्य अकादमी तथा पश्चिम रेलवे, चर्चगेट के वरिष्ठ जनसम्पर्क अधिकारी पद से सेवानिवृत्त)
4-कला एवं मनोरंजन संपादक (भारत संवाद)
जगन्नाथ तिवारी
5-उपसंपादक (भारत संवाद)
माता प्रसाद शर्मा
6-प्रभारी प्रयागराज संस्करण (भारत संवाद)
आशीष कुमार शर्मा

# ब्रिटेन में 16 साल की उम्र में वोट दे सकेंगे

## चुनावी सिस्टम में 56 साल बाद बदलाव, विदेशी दखल रोकने के लिए नियम बदले

एजेंसी

इंग्लैंड, ब्रिटेन में अब वोट डालने की न्यूनतम उम्र अब 18 से घटकर 16 साल हो गई है। सरकार ने ऐलान किया है कि अब 16 और 17 साल के युवा भी अगले आम चुनाव में वोटिंग कर सकते हैं। ब्रिटेन में मतदान की उम्र में आखिरी बार बदलाव 1969 में हुआ था, जब इसे 21 से घटाकर 18 साल किया गया था। इससे पहले 16-17 साल के युवा केवल स्कॉटलैंड और वेल्स में कुछ चुनावों में ही वोट डाल सकते थे, लेकिन अब वे पूरे ब्रिटेन में स्थानीय, क्षेत्रीय और आम चुनावों में हिस्सा ले सकेंगे। इसके अलावा ब्रिटेन की सरकार ने एक नया नियम बनाया है, जिसके तहत अब कोई भी राजनीतिक पार्टी विदेश से 500 पाउंड (करीब 58,000 रुपए) से ज्यादा का चंदा नहीं ले सकेगी। सरकार ने यह कदम इसलिए उठाया है, ताकि विदेशी अरबपति, जैसे कि एलन मस्क, ब्रिटेन की राजनीति और चुनावों को पैसे के जरिए प्रभावित न कर सकें। सरकार का कहना है कि यह कदम युवाओं के




साथ न्याय करने और लोकतंत्र में उनकी भागीदारी बढ़ाने के लिए उठाया गया है, खासकर उन युवाओं के लिए जो सेना में काम कर रहे हैं या देश की सेवा के लिए तैयार हैं। इसके अलावा, सरकार का मानना है कि इससे देश की चुनावी प्रणाली में जनता का भरोसा दोबारा बहाल करने में मदद मिलेगी। यह फैसला लेबर पार्टी के उस वादे को भी पूरा करता है, जो उसने पिछले साल चुनाव से पहले अपने घोषणा पत्र में किया था। आईपीपीआर थिंकटैंक के मुताबिक, इस बदलाव से ब्रिटेन में 95 लाख युवाओं को फायदा होगा। फिलहाल ब्रिटेन में लगभग 4 करोड़ 82 लाख लोग वोटर रजिस्टर में दर्ज हैं। उप-प्रधानमंत्री एंजेला रेनर ने कहा कि लोग लंबे समय से लोकतंत्र और सरकारी संस्थाओं में भरोसा खोते जा रहे हैं, इसलिए अब समय आ गया है कि इसमें बदलाव किया जाए। उन्होंने कहा कि 16 साल के युवाओं को वोट देने का हक देना न सिर्फ लोकतांत्रिक भागीदारी बढ़ाएगा, बल्कि भविष्य के लिए समाज को मजबूत भी करेगा। इस बदलाव के साथ-साथ सरकार वोटर आईडी सिस्टम में भी बदलाव कर रही है। अब बैंक कार्ड को भी वोटर पहचान पत्र के रूप में इस्तेमाल किया जा सकेगा। इसके अलावा, ड्राइविंग लाइसेंस और वेटरन कार्ड जैसे अन्य पहचान पत्र जो डिजिटल रूप में उपलब्ध हैं, उन्हें भी मान्यता दी जाएगी। हालांकि इस पर कुछ विपक्षी नेताओं ने चिंता जताई है कि इससे वोटिंग प्रक्रिया की सुरक्षा कमजोर हो सकती है। सरकार ने कहा कि वह चुनावों में विदेशी दखल को रोकने के लिए नियम सख्त कर रही है। अब राजनीतिक दान देने वाली कंपनियों को यह साबित करना होगा कि उनका संबंध ब्रिटेन या आयरलैंड से है और वे वहीं से आय अर्जित करती हैं। अभी तक कोई भी ब्रिटिश कंपनी किसी भी राजनीतिक दल को दान दे सकती थी, चाहे वह कंपनी कहीं की भी हो और उसका मालिक कोई भी हो। अब अगर कोई शेल कंपनी के जरिए किसी राजनीतिक पार्टी को दान देना चाहेगी, तो उसे सख्त नियमों का पालन करना होगा।


यह कदम खासकर उस समय उठाया गया है जब अमेरिकी अरबपति इलॉन मस्क के नाइजल फराज की रिफॉर्म यूके पार्टी को भारी रकम दान देने की बात सामने आई थी। अब नए नियमों के तहत, मस्क जैसे विदेशी नागरिक ब्रिटेन की राजनीति को प्रभावित नहीं कर पाएंगे जब तक वे यह साबित न करें कि उनका पैसा ब्रिटेन से आ रहा है।

# इराक के शॉपिंग मॉल में आग, 60 की मौत

## 5 दिन पहले ही खुला था, मॉल मालिक के खिलाफ केस दर्ज

एजेंसी

बगदाद, इराक के कुट शहर के एक बड़े सुपरमार्केट में भीषण आग लगने से अब तक 60 लोगों की मौत हो गई, जबकि 11 लोग लापता हैं। यह जानकारी इराक की सरकारी समाचार एजेंसी आईएनए ने दी है। कुट के एक स्वास्थ्य अधिकारी ने रॉयटर्स न्यूज एजेंसी को बताया कि 59 मृतकों की पहचान कर ली है, लेकिन एक शव इतना जल गया है कि उसकी पहचान करना बहुत मुश्किल है। इलाके के गवर्नर ने बताया कि इमारत और मॉल के मालिक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। यह मॉल 5 दिन



पहले ही खुला था। फिलहाल आग पर काबू पा लिया गया है। फिलहाल आग लगने की असली वजह सामने नहीं आई है, लेकिन गवर्नर ने बताया है कि घटना की जांच शुरू हो गई है और अगले 48 घंटों में शुरूआती रिपोर्ट जारी कर दी जाएगी। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो में दिख रहा है कि शहर की एक पांच मंजिला इमारत आग की चपेट में है और दमकलकर्मी आग बुझाने की कोशिश करते नजर आ रहे हैं। आग की शुरूआत पहली मंजिल से हुई और तेजी से पूरी इमारत में फैल गई। एक प्रत्यक्षदर्शी के अनुसार, आग की शुरूआत एक एयर कंडीशनर में विस्फोट से हुई थी। हादसे के बाद पूरे प्रांत में तीन दिन के शोक की घोषणा की गई है। वायरल वीडियो में 5 मंजिला इमारत से भयंकर लपटें और धुआं दिखाई दे रहा है, जिसमें फायर फाइटर्स की टीम आग बुझाने और लोगों को बचाने की कोशिश कर रही है। इराक के गृह मंत्रालय के मुताबिक, सिविल डिफेंस टीमों ने 45 से ज्यादा लोगों को बचाया, लेकिन कई लोग अभी भी लापता हैं। इराक के प्रधानमंत्री मोहम्मद शिया अल-सुदानी ने गृह मंत्री को घटनास्थल पर जांच करने और भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के उपाय करने के निर्देश दिए हैं। इराक लंबे समय से आतंरिक संघर्ष से जूझ रहा है, इस वजह यहां पर सुरक्षा मानकों पर ज्यादा ध्यान नहीं दिया जाता है। इस वजह से अक्सर इस तरह के हादसे होते रहते हैं।

# पाकिस्तानी पंजाब में बाढ़ से 24 घंटे में 63 मौतें

## 290 घायल, कई इलाकों में इमरजेंसी लागू; 15000 रेस्क्यू वर्कर्स हाई अलर्ट पर

एजेंसी

इस्लामाबाद, पाकिस्तानी पंजाब के कई जिलों में गुरुवार को भारी बारिश और बाढ़ से 63 लोगों की मौत हो गई, जबकि 290 घायल हैं। हालात को देखते हुए कई इलाके में इमरजेंसी लगाई गई है। पंजाब की डिजास्टर मैनेजमेंट अथॉरिटी (पीएमडी) ने बताया कि लाहौर में 15, फैसलाबाद में 9, साहिवाल में 5, पाकपट्टन में 3 और ओकारा में 9 लोगों की मौत हुई है। सरकार ने मृतकों के परिवारों को मुआवजा देने की घोषणा की है। पाकिस्तान मौसम विभाग (पीएमडी) ने सोमवार को देशभर में 17 जुलाई तक तेज हवाओं और गरज-चमक के साथ भारी बारिश की चेतावनी जारी की थी। पंजाब की मुख्यमंत्री मरियम नवाज ने एक्स पर कहा- असामान्य बारिश और बाढ़ की वजह से पंजाब के अलग-अलग इलाकों में इमरजेंसी लागू की गई है। उन्होंने लोगों से लोकल अधिकारियों के साथ सहयोग करने की अपील की। झेलम में बाढ़ में फंसे लोगों को निकालने के लिए रेस्क्यू ऑपरेशन चल रहा है। लोकल अधिकारी के मुताबिक अब तक 57 लोगों को सुरक्षित निकाला गया है, और 50 से ज्यादा नावें इस बचाव कार्य में लगी हुई हैं। जबकि 15,000 से ज्यादा बचाव कर्मी और 800 नावें हाई अलर्ट पर हैं। पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद में प्रशासन को हाई अलर्ट



पर रहने के निर्देश दिए गए हैं। कैपिटल डेवलपमेंट अथॉरिटी (सीडीए) ने अधिकारियों को इमरजेंसी हालात में लोगों को हर संभव मदद देने का आदेश दिया है।

सीडीए के चेयरमैन मोहम्मद रंधावा ने कहा- फील्ड टीमें इमरजेंसी में नागरिकों को सभी तरह की मदद दें। उन्होंने इस्लामाबाद के सभी हाईवे, नालों और जलमार्गों की सख्त निगरानी करने के आदेश दिए। नेशनल डिजास्टर मैनेजमेंट अथॉरिटी (एनडीएमए) ने अगले 24 घंटों तक देश के अलग-अलग हिस्सों में भारी बारिश की चेतावनी जारी की है। रेडियो पाकिस्तान के मुताबिक, पंजाब के लाहौर, चकवाल, अटक, झेलम, खुशाब, सरगोधा, गुजरात, गुजरांवाला, फैसलाबाद, सियालकोट जैसे जिलों में भारी बारिश की संभावना है। पंजाब के चकवाल जिले में मंगलवार देर रात बादल फटने के कारण 10 घंटे में 400 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई, जिससे शहर में अचानक बाढ़ आ गई। वहीं, मंडी बहाउद्दीन में भारी बारिश से एक बच्चे की मौत हो गई और 11 लोग घायल हो गए। पाकिस्तान मौसम विभाग (पीएमडी) के अनुसार, मंडी बहाउद्दीन में बुधवार सुबह 8 बजे तक पिछले 24 घंटों में 167 मिमी बारिश दर्ज की गई। रेस्क्यू अधिकारियों ने बताया कि 10 साल के एक बच्चे की बारिश के पानी में नहाते समय डूबने से मौत हो गई। एक अन्य घटना में, बारिश के दौरान करंट लगने से 8 साल और 6 साल के बच्चे घायल हो गए।

# ट्रम्प बोले- हमारे सामानों पर भारत टैक्स नहीं लगाएगा

## लेटर भेजूंगा और इंडोनेशिया जैसा समझौता हो जाएगा, वहां अमेरिकी प्रोडक्ट पर 0% टैरिफ

एजेंसी

वॉशिंगटन डीसी, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ट्रेड डील को लेकर बड़ा दावा किया है। ट्रम्प ने कहा है कि अमेरिकी उत्पादों को जल्द भारत के बाजारों में पहुंच मिलने वाली है। उन्होंने दावा किया है कि इंडोनेशिया फॉर्मूले वाली डील भारत के साथ भी होगी। अमेरिकी उत्पादों पर भारत में भी जीरो टैरिफ लगेगा। ट्रम्प ने मंगलवार को इंडोनेशिया पर 19% टैरिफ लगाया था। 1 अगस्त से इंडोनेशिया से अमेरिका जाने वाले



सामानों पर 19% टैरिफ चुकाना होगा। वहीं, अमेरिकी सामानों पर इंडोनेशिया में कोई टैरिफ नहीं देना होगा। ट्रम्प ने कहा- हमने कई बेहतरीन देशों के साथ समझौते किए हैं। हमारा एक और समझौता होने वाला है, शायद भारत के साथ। मुझे नहीं पता, हम बातचीत कर रहे हैं। जब मैं लेटर भेजूंगा, तो वो समझौता हो जाएगा। ट्रम्प ने मंगलवार को कहा था कि अमेरिका ने इंडोनेशिया के साथ एक व्यापार समझौता किया है, जिसमें 32 प्रतिशत टैरिफ घटाकर 19 प्रतिशत कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि भारत और कुछ अन्य देशों के साथ भी ऐसा ही समझौता हो सकता है। ट्रम्प का यह बयान ऐसे समय में आया है जब अमेरिका ने तय किया है कि 1 अगस्त से अधिकतर आयातों पर शुल्क बढ़ा दिए जाएंगे। इसका मतलब यह है कि जो देश अमेरिका के साथ जल्दी समझौता नहीं करेंगे, उनके सामानों पर अमेरिका ज्यादा टैक्स लगाएगा। ट्रम्प ने 2 अप्रैल को 100 से ज्यादा देशों पर टैरिफ लगाया था। तब उन्होंने भारत पर 26% टैरिफ लगाया था। हालांकि, बाद में उन्होंने इसे 90 दिनों के लिए टाल दिया। भारत 10% से कम टैरिफ चाहता है: रिपोर्ट अमेरिका के साथ हो रही ट्रेड डील में कुछ परेशानियां हैं जिन्हें सुलझाने के लिए भारतीय वाणिज्य मंत्रालय की एक टीम अमेरिका पहुंची है। यह बातचीत सोमवार से शुरू हुई थी और गुरुवार तक चलने की उम्मीद है।

# बच्चे की कस्टडी पिता को देकर गलती हुई...

## मासूम की पीड़ा सुन सुप्रीम कोर्ट ने पलट दिया अपना ही फैसला



**अदालत ने कहा कि बच्चा अपने पिता को एक अजनबी मानता था और उसके साथ एक रात भी नहीं बिताई थी। दूसरी ओर, अदालत ने यह भी कहा कि बच्चा अपनी माँ को अपनी प्राथमिक देखभालकर्ता मानता था और उसकी उपस्थिति में सुकून महसूस करता था।**

एजेंसी

सुप्रीम कोर्ट ने एक 13 वर्षीय बच्चे की कस्टडी उसकी माँ को सौंपने के अपने आदेश को पलट दिया। अदालत ने पाया कि बच्चे में माँ से अलग होने के बाद चिंता की स्थिति पैदा हो गई थी। लाइव लॉ की रिपोर्ट के अनुसार, शीर्ष अदालत ने इस बात पर जोर दिया कि ऐसे मामलों में बच्चे के सर्वोत्तम हितों के अनुरूप लचीला रुख अपनाया जाना चाहिए। अगस्त 2024 में अपने पिछले आदेश में, शीर्ष अदालत ने केरल उच्च न्यायालय के उस फैसले को बरकरार रखा था जिसमें बच्चे की स्थायी कस्टडी उसके पिता को दी गई थी। हालांकि, बच्चे की मां ने एक मनोवैज्ञानिक की रिपोर्ट का हवाला देते हुए एक समीक्षा याचिका दायर की, जिसमें संकेत दिया गया था कि वह चिंताग्रस्त है और उसे अलगाव चिंता विकार का उच्च जोखिम है। अदालत ने कहा कि मुख्य और अविभाज्य मानक बच्चे के कल्याण का सर्वोपरि विचार है, जो कई कारकों से प्रभावित होता है, निरंतर विकसित होता रहता है और इसे किसी सीमा में नहीं बाँधा जा सकता। इसलिए, प्रत्येक मामले को उसके विशिष्ट तथ्यों के आधार पर निपटाया जाना चाहिए। महिला ने यह भी आरोप लगाया कि पिछले आदेश के बाद पिता ने बच्चे को उसकी मां से न मिलने देने की धमकी दी, जिससे उसकी मानसिक स्थिति और खराब हो गई। सर्वोच्च न्यायालय ने कहा कि मनोवैज्ञानिक की रिपोर्ट में नए साक्ष्य हैं तथा बच्चे के मानसिक स्वास्थ्य में गिरावट के कारण हस्तक्षेप आवश्यक है। पीठ ने कहा कि इसमें कोई संदेह नहीं है कि हिरासत के मामलों में, बच्चे का सर्वोत्तम हित न्यायिक निर्णय के केंद्र में रहता है और बच्चे के कल्याण पर प्रतिकूल प्रभाव डालने वाला कारक निस्संदेह ऐसी प्रकृति का मामला बन जाता है जिसका निर्णय पर सीधा असर पड़ता है और इसे बदलने की संभावना होती है। अदालत ने कहा कि बच्चा अपने पिता को एक अजनबी मानता था और उसके साथ एक रात भी नहीं बिताई थी। दूसरी ओर, अदालत ने यह भी कहा कि बच्चा अपनी माँ को अपनी प्राथमिक देखभालकर्ता मानता था और उसकी उपस्थिति में सुकून महसूस करता था। अदालत ने कहा कि मुख्य और अविभाज्य मानक बच्चे के कल्याण का सर्वोपरि विचार है, जो कई कारकों से प्रभावित होता है, निरंतर विकसित होता रहता है और इसे किसी सीमा में नहीं बाँधा जा सकता।

# पूरी जांच से पहले कैप्टन को दोष देना बिल्कुल गलत

## लिखा- पायलट ने फ्यूल सप्लाई रोकी; भारतीय एक्सपर्ट बोले- क्या उनके पास हमसे ज्यादा जानकारी

**एफआईपी प्रमुख सीएस रंधावा ने अमेरिकी मीडिया संस्थान की आलोचना करते हुए कहा कि पिछले हफ्ते जारी विमान दुर्घटना जाँच ब्यूरो (एएआईबी) की प्रारंभिक जाँच रिपोर्ट में दुर्घटना के लिए पायलटों को दोषी नहीं ठहराया गया है।**

एजेंसी

भारतीय पायलट महासंघ (एफआईपी) ने द वॉल स्ट्रीट जर्नल (डब्ल्यूएसजे) में प्रकाशित एक लेख की कड़ी आलोचना की है, जिसमें अहमदाबाद में हुए एयर इंडिया हादसे के लिए कैप्टन को गलत तरीके से दोषी ठहराने का आरोप लगाया गया है। डब्ल्यूएसजे की रिपोर्ट में दावा किया गया है कि यह दुर्घटना विमान में ईंधन नियंत्रण स्विच की गति से जुड़ी पायलट



की गलती का परिणाम थी। एफआईपी प्रमुख सीएस रंधावा ने अमेरिकी मीडिया संस्थान की आलोचना करते हुए कहा कि पिछले हफ्ते जारी विमान दुर्घटना जाँच ब्यूरो (एएआईबी) की प्रारंभिक जाँच रिपोर्ट में दुर्घटना के लिए पायलटों को दोषी नहीं ठहराया गया है। रिपोर्ट में कहीं भी यह उल्लेख नहीं किया गया है कि पायलट की गलती के कारण ईंधन नियंत्रण स्विच बंद हो गया था। मैं वॉल स्ट्रीट जर्नल के लेख की निंदा करता हूँ। उन्होंने कहा कि यह पायलट की गलती थी। उन्होंने रिपोर्ट को ठीक से नहीं पढ़ा है, और हम एफआईपी के माध्यम से उनके खिलाफ कार्रवाई करेंगे, ₹रंधावा ने समाचार एजेंसी एएनआई को बताया। उन्होंने आगे कहा, ₹भारतीय पायलट दुनिया के सर्वश्रेष्ठ पायलटों में से हैं। मैंने वॉल स्ट्रीट जर्नल को अपनी राय नहीं दी, जिसने मुझसे भी संपर्क किया था, क्योंकि मैं इस अमेरिकी मीडिया के खिलाफ हूं। वे जानबूझकर इस रिपोर्ट से अपनी राय, अपने विचार दे रहे हैं, जबकि रिपोर्ट में ऐसा कुछ भी नहीं है। इसलिए मैं वॉल स्ट्रीट जर्नल की इस रिपोर्ट की बहुत कड़ी निंदा करता हूं और हम इस पर कार्रवाई करेंगे।

### एएआईबी रिपोर्ट से क्या पता चला?

एएआईबी की प्रारंभिक रिपोर्ट में उल्लेख किया गया है कि उड़ान भरने के तुरंत बाद दोनों ईंधन नियंत्रण स्विच रन की बजाय कट-ऑफ स्थिति में पाए गए थे। रिपोर्ट में पायलटों के बीच हुई एक संक्षिप्त लेकिन भयावह बातचीत का हवाला दिया गया ह। जिसमें एक ने पूछा आपने ईंधन क्यों बंद किया। दूसरे ने जवाब दिया, मैंने ऐसा नहीं किया। हालाँकि, रिपोर्ट में यह स्पष्ट नहीं किया गया कि किस पायलट ने क्या बयान दिया, न ही यह बताया गया कि यह कृत्य जानबूझकर किया गया था

# सिद्धारमैया ने दी भाजपा को सलाह, दलित नेता को प्रधानमंत्री मोदी का उत्तराधिकारी घोषित करने का बढ़िया मौका

**मुख्यमंत्री ने कहा कि इस पहल की शुरूआत आप खुद से करें। दूसरों को उपदेश देने के बजाय, आप भाजपा के प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार के रूप में किसी दलित नेता का नाम क्यों नहीं सुझाते?**



एजेंसी

मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने गुरुवार को भाजपा को सुझाव दिया कि अब उसके पास अगले प्रधानमंत्री के रूप में एक दलित नेता को नामित करने का सुनहरा मौका है क्योंकि नरेंद्र मोदी 75 वर्ष के हो गए हैं और आरएसएस सरसंघचालक मोहन भागवत ने प्रधानमंत्री के राजनीतिक संन्यास का संकेत दिया है। सिद्धारमैया ने कर्नाटक भाजपा अध्यक्ष बीवाई विजयेंद्र को संबोधित एक मीडिया बयान में कहा कि उन्हें कांग्रेस पर समय बर्बाद करने के बजाय अपनी पार्टी पर विचार करना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस पहल की शुरूआत आप खुद से करें। दूसरों को उपदेश देने के बजाय, आप भाजपा के प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार के रूप में किसी दलित नेता का नाम क्यों नहीं सुझाते? चाहे वह गोविंद करजोल हों या चलवाडी नारायणस्वामी, अगर आप उनके नाम प्रस्तावित करते हैं, तो मैं आपको सबसे पहले बधाई दूँगा। करजोल और नारायणस्वामी अनुसूचित जाति समुदाय से आने वाले भाजपा नेता हैं।

# 'बिहार में जाति देखकर मतदाता सूची से काटा जा रहा नाम', तेजस्वी यादव का गंभीर आरोप

**बीजेपी के इशारे पर सर्वेक्षण: तेजस्वी ने कहा कि हम लोगों को आशंका ही नहीं विश्वास हो गया है कि यह निर्वाचन आयोग बीजेपी के इशारे पर कर रही है. हम लोगों ने इस मुद्दे पर बिहार बंद करने का काम किया. लोगों को जागरूक किया और सुप्रीम कोर्ट भी गए. सुप्रीम कोर्ट ने निर्वाचन आयोग को सलाह दी लेकिन इसके बावजूद निर्वाचन आयोग ने एक बार भी अपनी सफाई नहीं दी.**

## तेजस्वी यादव ने चुनाव आयोग पर गंभीर आरोप लगाया है. उन्होंने कहा कि बिहार में जाति विशेष के लोगों का नाम काटा जा रहा है.

एजेंसी

पटनाः बिहार में विधानसभा चुनाव से पहले निर्वाचन आयोग मतदाता सूची में संशोधन के लिए स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (रकफ) कर रहा है. हालांकि इसको लेकर विपक्ष लगातार सवाल उठा रहा है. गुरुवार को इंडिया गठबंधन (महागठबंधन) के नेताओं ने फिर से निर्वाचन आयोग पर निशाना साधा है. तेजस्वी यादव ने मतदाता सूची के सर्वेक्षण को लेकर बड़ा आरोप लगाते हुए कहा कि एक जाति विशेष के लोगों को टारगेट किया जा रहा है. 'बीजेपी का एजेंट है निर्वाचन आयोग': तेजस्वी यादव ने निर्वाचन आयोग पर बड़ा आरोप लगाते



हुए कहा कि नरेंद्र मोदी और अमित शाह ने जो तय करके निर्वाचन आयोग को सूची सौंपी है, आयोग उसी काम में लगा है. यह लोकतंत्र के लिए बहुत ही खतरनाक है. उन्होंने कहा कि इसको लेकर हम लोग देश के सभी राजनीतिक दलों को पत्र लिखेंगे और 19 जुलाई को दिल्ली में मल्लिकार्जुन खरगे के आवास पर इंडिया गठबंधन के नेताओं की बैठक होगी, इसमें इस बात को उठाएंगे. '35 लाख मतदाता के नाम कटेंगे': तेजस्वी यादव ने पटना में प्रेस को संबोधित करते हुए कहा कि निर्वाचन आयोग की तरफ से 35 लाख से अधिक मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से हटाने की बात कही गई है. एक नोट पत्र भी जारी किया गया है, जिसमें यह बताया गया कि कौन-कौन लोग वर्षों से अपने गांव में नहीं रह रहे हैं या मतदाताओं की मृत्यु हो गई है, वैसे लोगों का नाम मतदाता सूची से हटाया जाएगा. उन्होंने कहा कि कुछ दिन पहले तक 22000 बूथ पर इछड की नियुक्ति नहीं हो पाई थी.

### 'बीजेपी नेता भरवा रहे हैं फॉर्म':

तेजस्वी यादव ने कहा कि जो जानकारी मीडिया में सूत्र के माध्यम से छापी गई थी, उसी डाटा के साथ निर्वाचन आयोग की प्रेस विज्ञप्ति जारी की गई है. उन्होंने कहा कि कई मीडिया हाउस इस तरीके की खबर चला रहा है

## संक्षेप

### मेडिकल कॉलेज में दिव्यांग शौचालय बंद मिला

**पीजीआई टीम ने किया निरीक्षण, जन औषधि केंद्र को इम्प्लांट की व्यवस्था के निर्देश**

सुलतानपुर, राजकीय मेडिकल कॉलेज में पीजीआई की जांच टीम ने गुरुवार को औचक निरीक्षण किया। टीम ने दिव्यांगों के लिए बने शौचालय में ताला लगा पाया। इस दौरान प्रिंसिपल ने मीडिया कवरेज को प्रतिबंधित रखा। जांच टीम ने आकस्मिक कक्ष, जन औषधि केंद्र, शौचालय और ब्लड बैंक का निरीक्षण किया। निरीक्षण के समय मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. आरके मिश्रा, महिला मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. आरके यादव और एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. पवन सिंह उपस्थित थे। जांच टीम ने जन औषधि केंद्र को ऑथोर्पेडिक इम्प्लांट उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। इससे पहले टीम दुबेपुर मेडिकल कॉलेज का भी निरीक्षण कर चुकी है। विभागीय सूत्रों के अनुसार, प्रिंसिपल के विरुद्ध लोकायुक्त में शिकायत दर्ज है। अस्पताल के चिकित्सकों पर प्राइवेट प्रैक्टिस करने का आरोप है। मरीजों को सरकारी अस्पताल से प्राइवेट अस्पताल में रेफर करने की शिकायतें भी हैं। अस्पताल में दवाएं और जांच बाहर से करवाई जा रही हैं। डिजिटल एक्सरे मशीन अनुपयोगी पड़ी है।

### प्राथमिक स्कूलों के विलय का विरोध

**मोस्ट कल्याण का कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन, कहा-बच्चों की शिक्षा का अधिकार प्रभावित होगा**

सुलतानपुर, उत्तर प्रदेश में प्राथमिक विद्यालयों के विलय के आदेश पर विवाद शुरू हो गया है। सुल्तानपुर में मोस्ट कल्याण संगठन ने कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया। संगठन ने डीएम के माध्यम से राष्ट्रपति को ज्ञापन सौंपा। बेसिक शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव ने 16 जून, 2025 को सभी जिलाधिकारियों को आदेश जारी किया है। इसमें प्राथमिक विद्यालयों का समीप के विद्यालयों से विलय करने को कहा गया है। मोस्ट ने इसे भारतीय संविधान के अनुच्छेद 21ए का उल्लंघन बताया है। यह अनुच्छेद 6 से 14 वर्ष के बच्चों को निःशुल्क और अनिवार्य शिक्षा का अधिकार देता है। संगठन का आरोप है कि जिला स्तर पर बीएसए और एबीएसए स्कूल स्टाफ से जबरन सहमति ले रहे हैं। मोस्ट के अनुसार इस फैसले से ग्रामीण क्षेत्रों के बच्चों की शिक्षा प्रभावित होगी। गांव, गरीब और पिछड़े समाज के बच्चे शिक्षा से वंचित हो सकते हैं।

### दहेज के लिए पत्नी को घर से निकाला

**सऊदी में रहने वाले पति और ससुरालियों पर केस, मांगे थे 10 लाख और कार**

सुलतानपुर, सुलतानपुर की रहने वाली परवीन बानो ने दहेज प्रताड़ना का मामला दर्ज कराया है। उनकी शादी 3 मार्च 2013 को अयोध्या निवासी अब्दुल कादिर से हुई थी। अब्दुल शादी के समय से ही सऊदी अरब में रह रहा है। परवीन ने आरोप लगाया है कि उनकी सास बदरुल निशा, ननद शहनाज और शमीम, जेठ मोहम्मद अयूब और मोहम्मद अनीस दहेज की मांग करते थे।

# कैबिनेट मंत्री नंदी की पत्नी का मोबाइल हैक

## साइबर ठगों ने मांगे 65 हजार रुपए, पूर्व मेयर ने दर्ज कराई शिकायत

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

प्रयागराज, साइबर अपराधियों ने उत्तर प्रदेश सरकार के औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी की पत्नी और पूर्व महापौर अभिलाषा गुप्ता को निशाना बना लिया।

साइबर अपराधियों ने उनके मोबाइल और वॉट्सऐप हैक कर लिया।

इसके बाद उनके नाम और तस्वीर का इस्तेमाल कर रिश्तेदारों और शुभचिंतकों को पैसे भेजने के मैसेज किए गए। पीड़िता की शिकायत पर साइबर थाने में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। कोतवाली थाना क्षेत्र के बक्शीबंद मोहल्ला निवासी अभिलाषा गुप्ता दो बार महापौर रह चुकी हैं। उन्होंने बताया कि उनके मोबाइल पर एक अनजान नंबर से कॉल आई।



कॉलर ने खुद को ब्लू डॉट कोरियर का कर्मचारी बताते हुए पार्सल डिलीवरी के बहाने लोकेशन भेजने के लिए कहा। इसके बाद अभिलाषा के मोबाइल पर एक टेक्स्ट मैसेज आया और कुछ ही देर में उनका वॉट्सऐप बंद हो गया।

मोबाइल भी फार्मेट हो चुका था। इसके कुछ ही समय बाद, परिचितों ने उन्हें जानकारी दी कि उनके वॉट्सऐप नंबर से पैसे मांगने वाला मैसेज आ रहा है। एक मैसेज में लिखा था, मैडम बहुत परेशान हैं।

उनके पास केवल 55 हजार रुपए हैं। 65 हजार रुपए भेज दीजिए। मैसेज जिस नंबर से भेजा गया, उसमें अभिलाषा की तस्वीर और प्रोफाइल नाम नंदी गुप्ता दिख रहा था। पीड़ित पूर्व मेयर ने शुभचिंतकों से पैसे मांगने की बात सामने आते ही साइबर थाने में तहरीर दी।

थाना प्रभारी राजीव तिवारी के मुताबिक, एफआईआर दर्ज कर ली गई है और जिन नंबरों से ठगी की गई, उन्हें ट्रेस किया जा रहा है।

# बारिश से कौंधियारा में बिजली व्यवस्था ठप

## पेड़ गिरने से विद्युत खंभे टूटे, तार क्षतिग्रस्त; मरम्मत कार्य जारी

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

प्रयागराज , कौंधियारा क्षेत्र में लगातार हो रही झमाझम बारिश लोगों के लिए आफत बनती जा रही है। तेज बारिश और हवा के कारण सड़क किनारे लगे कई पुराने पेड़ जड़ों से उखड़कर गिर गए। इन पेड़ों के गिरने से कई स्थानों पर बिजली के खंभे टूट गए और हाई व लो टेंशन की विद्युत तारें क्षतिग्रस्त हो गईं। जिससे पूरे क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति पूरी तरह ठप हो गई है। बताया जा रहा है कि यह घटना मुख्य मार्ग के किनारे घटी, जहां एक विशाल पेड़ गिरने से तीन विद्युत खंभे धराशायी हो गए। तार टूटकर सड़क और खेतों में गिर गए, जिससे लोगों में करंट लगने का भय बना हुआ है। रातभर अंधेरे में लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। कई घरों में मोबाइल व अन्य जरूरी उपकरणों की बैटरी खत्म हो गई है, जिससे संचार व्यवस्था भी प्रभावित हो रही है। स्थानीय निवासियों



का आरोप है कि विद्युत विभाग को पहले से ही जर्जर खंभों और झुके हुए पेड़ों की जानकारी दी गई थी, लेकिन कोई कार्यवाही नहीं की गई। अगर समय रहते पेड़ों की छंटाई और खंभों की मरम्मत की जाती तो यह दुर्घटना टाली जा सकती थी ग्रामीणों में बिजली आपूर्ति ठप होने को लेकर आक्रोश है। लोगों का कहना है कि पहले ही क्षेत्र में लो वोल्टेज और बार-बार ट्रिपिंग की समस्या बनी रहती थी और अब यह आपदा लोगों के लिए गंभीर संकट बन गई है। सूचना मिलते ही प्रशासन और विद्युत विभाग की टीमें मौके पर पहुंची और पेड़ हटवाकर खंभों की मरम्मत शुरू कर दी गई है। लेकिन लगातार हो रही बारिश से कार्य में बाधा आ रही है। अधिकारियों ने भरोसा दिलाया है कि जल्द ही बिजली व्यवस्था बहाल कर दी जाएगी। ग्रामीणों ने प्रशासन से अपील की है कि क्षेत्र के अन्य जर्जर पेड़ों और खंभों का निरीक्षण कर समय रहते सुधार कार्य कराया जाए ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं से बचा जा सके। साथ ही आपदा प्रबंधन दल को सक्रिय रखने की मांग की गई है ताकि बारिश के मौसम में किसी भी आपात स्थिति से तुरंत निपटा जा सके।

# एआरटीओ कार्यालय में अनाधिकृत काम का आरोप

**बाहरी लोग फाइलें अप्रूव करते दिखे, एआरटीओ बोले- मेरा ड्राइवर है**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

अमेठी जिला, एआरटीओ कार्यालय में एक गंभीर मामला प्रकाश में आया है। कार्यालय के रेस्ट रूम में दो बाहरी व्यक्तियों को फाइलों पर अप्रूवल लगाते हुए देखा गया। लोगों के कार्यालय पहुंचने पर एआरटीओ महेश बाबू गुप्ता ने वीडियो बनाने का विरोध किया। रेस्ट रूम में दो अनजान व्यक्ति सिस्टम पर कार्य करते मिले। जांच में पता चला कि एक व्यक्ति लखनऊ का रोहन है।



वह एआरटीओ का करीबी माना जाता है। दूसरा व्यक्ति गाजीपुर निवासी रोनित है। अपने कर्मचारी होने का दावा किया वीडियो बनाने पर दोनों व्यक्ति सहम गए। उन्होंने विभाग का कर्मचारी होने का दावा किया। एआरटीओ ने स्पष्टीकरण में कहा कि एक व्यक्ति उनका ड्राइवर है। उसे गर्मी के कारण अंदर बैठने की अनुमति दी गई थी। उन्होंने यह भी कहा कि कंप्यूटर पर कोई कार्य नहीं हो रहा था।

# मोस्ट निदेशक अधिकारियों से नाराज

## बोले-योगी कि तरह घमंड में चूर डीएम-एसपी, आर्टिकल 19 के तहत करेंगे धरना

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

सुलतानपुर, मोस्ट कल्याण संस्थान के निदेशक शिक्षक श्याम लाल निषाद का गुरुवार को एक वीडियो सामने आया है। जिसमें वे कह रहे हैं योगी घमंड में चूर हैं उसे तरह से हमारे यहां का डीएम एसपी भी घमंड में चूर है मैं बताना चाहता हूं कि आप अगर घमंड में चूर होंगे हम लोग आर्टिकल 19 के तहत धरना प्रदर्शन करेंगे। मोस्ट कल्याण के तहत जिले में विद्यालय को मर्ज किए जाने को लेकर प्रदर्शन किया गया था। कलेक्ट्रेट पर जब संगठन के लोग पहुंचे तो उन्हें रोककर एसडीएम की ओर से ज्ञापन लेने की कोशिश की गई। जहां श्याम लाल निषाद ने मांग किया कि वे डीएम को ज्ञापन देंगे। उन्हें यहां आना पड़ेगा। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि जब संगठन के लोग यहां शिकायत लेकर आते हैं तो उनसे अधिकारी गलत



व्यवहार करते हैं। श्याम लाला निषाद ने कहा कि अधिकारी जनता की सेवा के लिए नियुक्त किए गए हैं। उन्होंने शपथ ली है कि वे जनता की सेवा में कोई कमी नहीं करेंगे। लेकिन कुछ अधिकारी अपने व्यवहार से जनता को परेशान कर रहे हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर अधिकारियों का यह रवैया जारी रहा, तो वे आर्टिकल 19 के तहत धरना प्रदर्शन करेंगे। निषाद ने कहा कि कलेक्ट्रेट से लेकर पुलिस तक के अधिकारी जनता के साथ उचित व्यवहार करें। उन्होंने कहा कि अधिकारी तनख्वाह और सुविधाएं जनता की सेवा के लिए पाते हैं। वे जनता पर शासन नहीं कर सकते। निषाद ने मीडिया से अपील की कि उनकी यह बात सभी अधिकारियों तक पहुंचाई जाए। उन्होंने याद दिलाया कि सभी अधिकारी लोक सेवा आयोग की परीक्षा पास करके आए हैं। लोक सेवा का अर्थ है जनता की सेवा।

# सांप के काटने से दो मौतें



**जामो की महिला और संग्रामपुर के युवक की इलाज के दौरान मौत, अस्पताल में दम तोड़ा**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

अमेठी जिला, बारिश के मौसम में सांप के काटने से मौतों का सिलसिला जारी है। जिले में दो अलग-अलग थाना क्षेत्रों में सांप के काटने से दो लोगों की मौत हो गई। जामो थाना क्षेत्र के पूरे बक्शी गांव की 45 वर्षीय लालमति को देर शाम सांप ने काट लिया। परिजन उसे जिला अस्पताल ले गए। डॉक्टरों ने उसे लखनऊ रेफर किया। रास्ते में ही लालमति की मौत हो गई। संग्रामपुर थाना क्षेत्र के धानी गांव के 48 वर्षीय ओम प्रकाश को भी सांप ने काट लिया। उन्हें पहले अमेठी सीएचसी ले जाया गया।

वहां से जिला अस्पताल रेफर किया गया। जिला अस्पताल में डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। गौरीगंज पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# आयुष्मान आरोग्य मंदिर की स्वास्थ्य सेवाओं का मूल्यांकन

## नेशनल क्वालिटी एश्योरेंस टीम ने 7 सर्विस पैकेज की जांच की, ई-संजीवनी सेवा से संतुष्ट

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

अमेठी जिला, फतेपुर तिलोई स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिंहपुर के आयुष्मान आरोग्य मंदिर राजाफत्तेपुर का मूल्यांकन किया गया। नेशनल क्वालिटी एश्योरेंस टीम ने वर्चुअल माध्यम से यह असेसमेंट किया। पंजाब से नेशनल एसेसर डॉ. राखी चावला और कीर्ति मान महरोत्रा ने स्टाफ का इंटरव्यू लिया। उन्होंने लाभार्थियों का असेसमेंट और सभी अभिलेखों की जांच की। टीम ने प्रेग्नेंसी केयर, फैमिली प्लानिंग, चाइल्ड और एडल्ट हेल्थ केयर की जांच की। साथ ही एनसीडी, मेंटल हेल्थ, ओरल केयर, ट्रामा और



इमरजेंसी सेवाओं का भी मूल्यांकन किया। टीकाकरण और आरोग्य मंदिर की अन्य सेवाओं की भी समीक्षा की गई। एसेसर्स ने सीएचओ से ई-संजीवनी और एनसीडी स्क्रीनिंग किए गए मरीजों से बातचीत की। वे सेवाओं की गुणवत्ता से संतुष्ट दिखे। हालांकि, बायोमेडिकल मैनेजमेंट में सुधार की आवश्यकता बताई गई। यह मूल्यांकन सुबह 9:45 से शाम 4:30 बजे तक चला। इस दौरान नोडल क्वालिटी एश्योरेंस डॉ. तारिक इकबाल, डिस्ट्रिक्ट कंसल्टेंट ज्ञान मिश्रा और बीसीपीएम अनिल मिश्रा मौजूद रहे।

# 8 वीं की छात्रा ने खाया जहरीला पदार्थ

## परिजनों ने टीचर पर लगाया छात्रा को टार्चर करने का आरोप, जिला अस्पताल से मेडिकल किया

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

अलीगढ़, यूपी के जिला अलीगढ़ में राजकीय कन्या इंटर कॉलेज की कक्षा 8 की छात्रा ने जहरीला पदार्थ का सेवन कर लिया। हालत बिगड़ने ने परिजन उसको पहले सीएचसी लेकर आये और फिर जिला अस्पताल। यहां से डॉक्टर ने उसकी हालत गम्भीर देख जवाहर लाल मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। परिजन ने छात्रा के जहर का सेवन करने के पीछे टीचर का टॉर्चर करना कारण बताया है। घटना के बाद परिजनों के होश उड़े हुए हैं। जानकारी के मुताबिक, कस्बा खैर की ब्लॉक कॉलोनी में स्नेह का परिवार रहता है। उनके पति का देहांत हो चुका है। परिवार में एक बेटा और दो बेटियां हैं। मेहनत मजदूरी कर परिवार का भरण पोषण करती है। उन्होंने बताया कि



सबसे छोटी बेटी हिमांशी 14 साल की है और कक्षा 8 की छात्रा है। जोकि कस्बा के ही राजकीय कन्या इंटर कॉलेज में पढ़ती है। गुरुवार को हिमांशी स्कूल गई थी। लेकिन दोपहर में उसका भाई स्कूल से बुलाकर घर ले आया था। तभी अचानक उसकी तबीयत बिगड़ने लगी। उल्टियां होने पर उनको शक हुआ। उसने किसी जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया था। आनन फानन में उसको सीएचसी खैर लेकर आये। यहां से उसको डॉक्टर ने जिला अस्पताल भेज दिया। आरोप लगाया कि कि करीब 8 दिन से स्कूल की एक टीचर हिमांशी को टॉर्चर कर रही थी। वह ऐसा क्यों कर रही है इसकी उनको जानकारी नहीं। क्योंकि बेटी ने इनको कुछ नहीं बताया। टॉर्चर का कारण टीचर या हिमांशी ही बता सकती है। हिमांशी अभी कुछ नहीं बोल पा रही। उधर, जिला अस्पताल के ईएमओ डॉक्टर रितेश ने बताया कि एक किशोरी को उसके परिजन लेकर आये थे। उसको प्राथमिक उपचार देने के साथ मेडिकल कॉलेज रेफर किया है। सस्पेक्टेड पॉइजन का केस था। मामले की सूचना इलाका पुलिस को भिजवाई जाएगी। जांच के बाद भी पता चल सकता है कि किशोरी ने क्या खाया है।

# होमगार्ड को गोली मारने वाले बदमाशों से मुठभेड़

## मथुरा में लगी पुलिस की गोली, अस्पताल में कराया भर्ती

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मथुरा, थाना नौहझील क्षेत्र में होमगार्ड को गोली मारकर घायल करने वाले बदमाशों से पुलिस की बुधवार की देर रात मुठभेड़ हो गई। इस मुठभेड़ में दोनों बदमाश पैर में गोली लगने से घायल हो गए। घायल बदमाशों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया और इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती करा दिया। थाना नौहझील पर तैनात होमगार्ड कृष्ण कुमार पुत्र मदनलाल ड्यूटी खत्म कर सुबह 5 बजे अपने



गांव आवाखेड़ा वापस आ रहा था। वह जब मिठोली गांव के बंबा पर पहुंचा तो वहां गांव के कुछ युवक कसरत करते मिले जिनसे वह बात करने लगा। इसी दौरान दो बाइक पर सवार होकर 4 लड़के आए और वहां दबंगई करने लगे। जिसका किशन ने विरोध किया तो उसके गोली मार दी। जिससे किशन घायल हो गया। इस मामले में होमगार्ड के चाचा कुशलपाल ने जगदीश, वंश, शुभम और शिवम्के अलावा 3 अज्ञात युवकों के खिलाफ थाना नौहझील में मुकद्दमा दर्ज कराया। वहां घायल होमगार्ड को पहले जिला अस्पताल में भर्ती कराया जहां हालत गंभीर होने पर उसे आगरा एस एन मेडिकल कॉलेज रैफर कर दिया। होमगार्ड को गोली मारकर घायल करने वाले युवकों की तलाश में जुटी पुलिस को बुधवार को देर रात सूचना मिली

# मालगाड़ी से कटकर युवक की मौत

## सुलतानपुर में शिनाख्त का प्रयास जारी, सिर धड़ से हुआ अलग

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



सुलतानपुर, वाराणसी-लखनऊ रेलखंड के हसनपुर गुमटी के पास एक दुखद घटना सामने आई है। पोल संख्या 921/33 के निकट एक अज्ञात युवक की ट्रेन से कटकर मौत हो गई। मृतक का सिर धड़ से अलग मिला है। घटना की जानकारी उस समय मिली, जब एक व्यक्ति शौच के लिए जा रहा था। उसने तुरंत पुलिस को सूचित किया। सूचना मिलते ही बंधुआ कला पुलिस और आरपीएफ की टीम मौके पर पहुंच गई। प्रारंभिक जांच में पता चला कि घटना से पहले वहां से एक मालगाड़ी गुजरी थी। उप निरीक्षक राम प्रकाश सिंह के अनुसार, पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस मृतक की पहचान के लिए आसपास के क्षेत्रों में पूछताछ कर रही है।

# टीकाकरण को लेकर ब्लॉक स्तरीय कार्यशाला

## एक भी बच्चा और गर्भवती महिला टीका से वंचित न रहे, स्वास्थ्य अधिकारियों ने दिए निर्देश

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

अमेठी जिला, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में टीकाकरण अभियान को लेकर विशेष कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉक्टर एमके त्रिपाठी ने कार्यशाला में उपस्थित एएनएम और स्वास्थ्य कर्मियों को संबोधित किया। डॉक्टर त्रिपाठी ने कहा कि नगरीय और ग्रामीण क्षेत्रों के सभी केंद्रों पर नियमित टीकाकरण समय पर होना आवश्यक है। उन्होंने निर्देश दिए कि एक भी



बच्चा या गर्भवती महिला टीकाकरण से वंचित न रहे। साथ ही विभाग की सभी योजनाओं का लाभ प्रत्येक घर तक पहुंचाना सुनिश्चित करें। सीएचसी अधीक्षक डॉक्टर आलोक तिवारी ने सभी अधिकारियों और स्वास्थ्य कर्मियों का स्वागत किया। उन्होंने शत-प्रतिशत टीकाकरण के लक्ष्य को प्राप्त करने पर विशेष जोर दिया। कार्यशाला में एएनएम, सीएचओ, स्वास्थ्य पर्यवेक्षक और चिकित्सा अधिकारियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी मनोज कुमार पटेल, लालमणि, जयदीप सिंह, एमके पटेल, चंद्रिका शुक्ला, दीपक शुक्ला, नीरज सिंह, बृजेश सिंह अमरजीत, अनीता शुक्ला और आशीष सिंह सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।


स्वामी, प्रकाशक , मुद्रक अरविंद कुमार शर्मा द्वारा एफ एल टी , एलजी 75 आर एम 4/4 इंदिरा नगर, सुंदर बाग, कुर्ला (प) मुंबई 400070 महाराष्ट्र से प्रकाशित एवं AIS PRINTING SOLUTION प्लांट नं० -A-544 TTC इंडस्ट्रियल एरिया एम आई डीसी माहपे नवी मुंबई , ठाणे 400709 से मुद्रित । संपादक - अरविंद कुमार शर्मा

EMail-bsmumbai2017@gmail.com किसी भी विवाद का न्याय क्षेत्र मुम्बई न्यायालय ही होगा। 8097049935,9935750291 RNI No-MAHHIN2017/74173

संपर्क का कार्यालय- 66/68 भाखरिया बिल्डिंग मीना मेहता मार्ग मोदी स्ट्रीट मुम्बई 400001

संरक्षक- डॉ राम किशोर शर्मा पूर्व विभागाध्यक्ष (हिन्दी) इलाहाबाद विश्व विद्यालय, विशेष संवाददाता- आशीष कुमार शर्मा सह, सम्पादक- माता प्रसाद शर्मा, फिल्म- संपादक-जगन्नाथ तिवारी